दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी





गुमशुदा बच्ची को खोजने निकलीं तापसी

कल्चर दिल में है ,नेकलाइन में नहीं

वर्ष : 12 | अंक : 243 | लखनऊ, 27 अगस्त, गुरूवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### कीर्तन कर रहे लोगों को कार ने कुचला, 5 की मौत

सुपौल। सुपौल जिले के पिपरा थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला।



कटैया चौक के समीप पर सड़क किनारे कीर्तन कर रहे लोगों को एक तेज रफ्तार कार ने कुचल दिया। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई।

### छात्रा का कमरे के पंखे से लटका मिला शव

कानपुर। चकेरी थाना क्षेत्र में श्यामनगर गंगानगर में नीट की तैयारी कर रही 18 वर्षीय छात्रा



खुशबू सिंह ने बुधवार सुबह चुन्नी के फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। मृतका के भाई का आरोप है कि परिवार का ही एक सदस्य उसे परेशान कर रहा था, जिससे तंग आकर उसने यह कदम उठाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### इलेक्ट्रिक शोरूम में भीषण आग, गाड़िया खाक

कानपुर कानपुर के पनकी थाना क्षेत्र में एमआईजी रोड पर ओला इलेक्ट्रिक के शोरूम में अचानक



भीषण आग भड़क उठी। शॉर्ट सर्किट के कारण लगी इस आग ने कुछ ही पलों में पूरे शोरूम को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे अंदर रखी दर्जनों दोपहिया गाड़ियां जलकर राख हो गईं। घटना की रात 23:18 बजे मिनी कंट्रोल रूम से सूचना प्राप्त हुई कि पनकी में त्रिपाठी गेस्ट हाउस के सामने स्थित ओला शोरूम में आग लग गई है। सूचना मिलते ही तत्परता दिखाते हुए पनकी की यूनिट फायर टेंडर के साथ तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना हुई।

# यूपी में झमाझम बारिश, आज 29 जिलों के लिए भारी बारिश का अलर्ट जारी

लखनऊ में बुधवार को करीब दो घंटे हुई मूसलाधार बारिश से शहर की रफ्तार थम गई। दिन में अंधेरा छा गया और कई इलाकों में कमर तक पानी भर गया। जलभराव के कारण चौराहों, अंडरपास और फ्लाईओवर के नीचे भीषण जाम लगा। मौसम विभाग ने तेज बारिश और गरज-चमक का अलर्ट जारी किया है। वही मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को पूर्वी और दक्षिणी यूपी के 29 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

अमन लेखनी समाचार/ लखनऊ

लखनऊ में बुधवार दोपहर करीब दो घंटे तक हुई मूसलाधार बारिश से जनजीवन प्रभावित हो गया। घने काले बादलों के कारण दिन में ही अंधेरा छा गया। वाहन चालकों को दिन में भी हेडलाइट, वाइपर और डीपर का इस्तेमाल करना पड़ा।

बारिश से बचने के लिए लोग फ्लाईओवर के नीचे शरण लेते नजर आए। जलभराव के कारण कई तिराहे-चौराहों और अंडरपास में यातायात व्यवस्था प्रभावित रही। बुधवार सुबह से ही लखनऊ में रुक-रुककर बारिश हो रही थी। सुबह से आसमान में घने काले बादल छाए रहे। करीब 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। हुसैनगंज, चौक, गोमती नगर, सरोजनी नगर और रहीमाबाद में सुबह रिमझिम बारिश हुई। वही मंगलवार को पूर्वी यूपी और कुछ दक्षिणी जिलों में अच्छी बारिश देखने को मिली। मौसम विभाग का कहना है यूपी में मानसून की सक्रियता फिलहाल 27 अगस्त तक बनी रहेगी। मौसम विभाग ने बुधवार के लिए प्रदेश के तराई, बुंदेलखंड समेत कुल 29 जिलों में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।





प्रयागराज में लगातार बारिश से जन-जीवन अस्त व्यस्त

### इन जिलों में है भारी बारिश का यलो अलर्ट

बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, सोनभद्र, मिर्जापुर, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, हरदोई, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, रायबरेली, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर एवं आस पास के क्षेत्र। रिमझिम बारिश से सुहाना हुआ मौसम, 3.5 डिग्री गिरा पारा राजधानी में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन बादलों की आवाजाही के साथ हल्की बारिश हुई। सुबह हल्की बूंदाबांदी के बाद कुछ देर के लिए धूप खिली, लेकिन फिर से बादलों की सक्रियता

### मूसलाधार बारिश से मचा हाहाकार

प्रयागराज: भारी बारिश और बाढ़ के कारण हजारों घरों में पानी भर गया है, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गाजियाबाद, मेरठ, नोएडा, बिजनौर और पश्चिमी तथा पूर्वी यूपी के कई अन्य शहरों में सड़कों पर भारी जलभराव और ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी हुई है।

### सीएम योगी ने कहा-2017 से पहले यूपी की हर योजना पर मंडराती थी कमीशनखोरी की 'काली छाया'

# स्नातक में पढ़ने वाली 50 हजार बेटियों को स्कूटी अक्टूबर-नवंबर में: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने 'लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा' योजना का किया शुभारंभ, 60 वर्ष व उससे अधिक आयु की प्रदेश की महिलाएं परिवहन निगम की बसों में कर सकेंगी निःशुल्क यात्रा

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख /लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रक्षाबंधन से ठीक पहले नारी शक्ति को कई सौगातें दीं। उन्होंने घोषणा की कि स्नातक में पढ़ने वाली 50 हजार बेटियों को अक्टूबर-नवंबर में स्कूटी दी जाएंगी। सीएम ने 'लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा' योजना का शुभारंभ किया, जिसके तहत उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में 60 वर्ष व उससे अधिक आयु की प्रदेश की महिलाएं निःशुल्क यात्रा कर सकेंगी।

सीएम ने रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में 27 से 29 अगस्त तक महिला व एक सहकर्मी को निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा दिए जाने का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की महिलाएं अब चूल्हे से चेक, चेक से कारोबार और कारोबार से टेक्नोलॉजी तक पहुंच रही हैं।




### महिला स्वावलंबन की मिसाल हैं 'लोकमाता'

सीएम ने कहा कि देश जब मुगल आक्रांताओं की चपेट में था, उस समय लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने सुशासन, आध्यात्मिक/ सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण व महिला स्वावलंबन का आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया था। काशी विश्वनाथ, सोमनाथ समेत देश में सैकड़ों मंदिर का पुनरुद्धार लोकमाता ने किया था। लखनऊ, कानपुर, आगरा, गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, प्रयागराज, अयोध्या, गोरखपुर, वाराणसी, झांसी सभी जनपदों में अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास का निर्माण किया जा रहा है।

### यूपी में साढ़े 12 करोड़ आधी आबादी

इंदिरा प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी में लगभग साढ़े 12 करोड़ आधी आबादी है। सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन व नेतृत्व की यात्रा में सहभागी है। हर बेटी-बहन-माता आत्मनिर्भर महसूस करे, यही हमारी नीति है। डबल इंजन सरकार ने बेटी के जन्म से लेकर उसकी पढ़ाई, सुरक्षा, रोजगार, आय और उसके सपनों की उड़ान को ईकोसिस्टम से जोड़ने का काम किया है।

### सरकार ने आधी आबादी का प्रतिनिधित्व बढ़ाया

सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी जी के कारण पहली बार आधी आबादी को शासन की योजनाओं से जोड़ने के लिए व्यापक कार्ययोजना बनी। जीवन के हर पड़ाव पर सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन की गारंटी दी है। सरकार का हर निर्णय, योजना व बजट इन्हीं उद्देश्यों की पूर्ति के लिए समर्पित है।

### पहले हर योजना पर मंडराती थी कमीशन की 'काली छाया'

सीएम ने कहा कि 2017 के पहले 'देख सपाई-बिटिया घबराई' का नारा तत्कालीन गवर्नेंस मॉडल का नाम था, जब हर बेटी की सुरक्षा पर संकट था। सुरक्षा, सम्मान नहीं था तो स्वावलंबन कहां से होता। इंटीग्रेटेड हेल्पलाइन, कमांड सिस्टम, सीसीटीवी नेटवर्क, महिला बीट सिस्टम, महिला हेल्पडेस्क भी नहीं थी।

### किसानों की आय बढ़ाने और कृषि को नई दिशा देने का संकल्पः सीएम योगी

हरिभूमि न्यूज, लखनऊ। पूर्वी उत्तर प्रदेश और बुंदेलखंड में कृषि उत्पादकता बढ़ाने और किसानों की आय में वृद्धि के लिए चार समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ये एमओयू केवल औपचारिक समझौते नहीं, बल्कि अन्नदाता की आय बढ़ाने और प्रदेश की कृषि को नई दिशा देने के संकल्प का हिस्सा हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि लंबे समय तक देश में अन्न उत्पादन बढ़ाने और किसानों के सम्मान की बातें होती रहीं, उसकी उपज की खरीद सुनिश्चित करने और उसे बाजार तक पहुंचाने की ठोस व्यवस्था पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया गया। में काम कर रही है। यूपी एग्रीज प्रदेश की कृषि को फ्यूचर इकोनॉमी की ओर ले जाने की महत्वपूर्ण पहल है।



### सम्मेलन का समापन ओपन फोरम के साथ हुआ

# डिजिटल टूल्स से माल ढुलाई को बेहतर बनाने पर जोर



अमन लेखनी समाचार/लखनऊ

भारतीय रेल परिवहन प्रबंधन संस्थान (इरिटेम) में जोनल रेलों के प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधकों के दो दिवसीय सम्मेलन के दूसरे दिन माल परिचालन, डिजिटल तकनीक, लॉजिस्टिक्स और भविष्य की परिवहन व्यवस्था पर मंथन हुआ। सम्मेलन में रेल माल परिवहन को अधिक तेज, प्रभावी और ग्राहक केंद्रित बनाने पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत रोड टैरिफ डैशबोर्ड और फ्रेट मैप विजुअलाइजेशन डैशबोर्ड के उद्घाटन से हुई। रेलवे बोर्ड के सदस्य (परिचालन एवं व्यवसाय विकास) डॉ. मनोज सिंह ने दोनों डिजिटल डैशबोर्ड का उद्घाटन किया। इनकी मदद से माल परिवहन और टैरिफ से जुड़े आंकड़ों का बेहतर विश्लेषण और दृश्यांकन किया जा सकेगा। इससे डेटा के आधार पर फैसले लेने और माल परिचालन की दक्षता बढ़ाने में मदद मिलेगी। इसके बाद विभिन्न जोनल रेलों के प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधकों ने परिचालन से जुड़ी प्रमुख पहलों और बेहतर कार्यप्रणालियों की जानकारी साझा की। डीएफसी , कॉनकार और क्रिस के अधिकारियों ने माल परिवहन, लॉजिस्टिक्स, डिजिटल समाधान और तकनीक आधारित सेवाओं पर प्रस्तुतीकरण दिए। रेलवे बोर्ड के वरिष्ठ यातायात अधिकारियों के साथ संवाद सत्र में परिचालन और यातायात से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

अधिकारियों ने अपने सुझाव भी साझा किए। सम्मेलन का समापन ओपन फोरम के साथ हुआ। इसमें रेलवे बोर्ड, जोनल रेलों, रेल सार्वजनिक उपक्रमों और इरिटेम के वरिष्ठ अधिकारी व संकाय सदस्य मौजूद रहे।

## गृह मंत्री शाह से मिले राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष मंगल



### गृह मंत्री का मार्गदर्शन ऊर्जा और प्रेरणा देता

हरिभूमि न्यूज, नई दिल्ली। भाजपा संगठन में राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष का नवीन दायित्व मिलने के पश्चात राजेश मंगल ने देश की यशस्वी गृहमंत्री अमित शाह आत्मीय भेंट कर उनका आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया। संगठन के प्रति समर्पण, राष्ट्रसेवा की भावना और पार्टी के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने के संकल्प के साथ मिले इस नए दायित्व का पूरी निष्ठा और समर्पण से निर्वहन करने का संकल्प लिया। राजेश मंगल ने कहा कि गृह मंत्री का मार्गदर्शन सदैव ऊर्जा और प्रेरणा प्रदान करता है।

## स्कूल में हिजाब पहनने की नहीं मिली थी इजाजत

प्रयागराज के एक स्कूल की छात्रा की याचिका खारिज कर दी गई थी

# यह इस्लाम पर हमला, हम सहमत नहीं: ओवैसी देश के संविधान को मानना ही पड़ेगा: गिरिराज

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस आदेश की कड़ी आलोचना की है, जिसमें प्रयागराज के एक स्कूल की बालिग छात्रा की याचिका खारिज कर दी गई थी। छात्रा ने स्कूल की निर्धारित यूनिफॉर्म के साथ हिजाब पहनने की अनुमति मांगी थी। ओवैसी ने हाई कोर्ट के फैसले को 'इस्लाम पर हमला' बताया। उन्होंने कहा कि जब सबरीमाला मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है तो ऐसा आदेश नहीं देना था।



असदुद्दीन ओवैसी



गिरिराज सिंह

### फैसला अनुच्छेद 25 और 19 का उल्लंघन

ओवैसी ने कहा कि फैसला भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 और 19 का उल्लंघन करता है। आप कौन होते हैं यह तय करने वाले कि इस्लाम के लिए क्या जरूरी है?

### ओवैसी तय करें वे संविधान के साथ या खिलाफ?

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि असदुद्दीन ओवैसी अपने आप को क्या समझते हैं, यही समझ नहीं आता है। क्या वे भारत के संविधान को मानने वाले लोग हैं या संविधान के विरुद्ध चलने वाले लोग हैं। अगर उनके मन मुताबिक फैसला कोर्ट दे, तो वो ठीक, अगर मन मुताबिक फैसला नहीं हो तो कोर्ट का विरोध करते हैं।

### सांप्रदायिक रंग दे रहेः नकवी

भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि कुछ लोग मुस्लिम लड़कियों की शिक्षा और तरक्की को तालिबान



की तरह रोकना चाहते हैं। और इसके नाम पर, कभी वे हिजाब को लेकर सांप्रदायिक भ्रम पैदा करने की कोशिश करते हैं, तो कभी उनकी शिक्षा और तरक्की को सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश करते हैं। शिवसेना की प्रवक्ता शायना एनसी ने कहा कि हालांकि कोई भी हिजाब पहनने के विचार के खिलाफ नहीं है।

### नहीं हो संकीर्ण राजनीतिः मायावती

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सीएम मायावती ने कहा कि



किसी को भी इसकी आड़ में संकीर्ण राजनीति करने का मौका न मिल पाए। महिलाओं की अस्मिता, सम्मान व पर्दा आदि के जरिये अपने आत्मसम्मान जैसे मामलों को संवेदनशीलता से देखना चाहिए।

# सरकार बनी तो महिलाओं को देंगे 40 हजार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को राष्ट्रीय महिला समानता दिवस के अवसर पर पार्टी के प्रदेश मुख्यालय, लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में स्त्री सम्मान-समृद्धि योजना की घोषणा की। सपा स्त्री सम्मान-समृद्धि योजना विधानसभा चुनाव घोषणा पत्र में शामिल करेगी। 2027 में सरकार बनते ही पार्टी चरणबद्ध तरीके से स्त्री सम्मान-समृद्धि योजना लागू करेगी। इस योजना में समाजवादी सरकार में महिलाओं को हर साल 40 हजार रुपये दिए जाएंगे। इस के साथ ही छात्राओं को इंटर पास होने के बाद लैपटॉप, साइकिल दी जाएगी। महिलाओं की सरकारी बसों में यात्रा मुफ्त होगी। भाजपा सरकार में बंद किए सभी 26 हजार प्राइमरी स्कूल फिर खोले



जाएंगे। सरकारी स्कूलों में फीस माफ और प्राइवेट में फीस हाफ होगी। न्यूट्रिशन मिशन योजना फिर शुरू की जाएगी। आंगनबाड़ी केंद्रों को ठीक किया जाएगा। इस अवसर पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में अखिलेश यादव ने महिलाओं के लिए स्त्री सम्मान-समृद्धि योजना की घोषणा करते हुए कहा कि महिलाओं की सुरक्षा सर्वोपरि होगी। समाजवादी सरकार में महिलाओं की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होगा। उन्होंने कहा कि बिना आधी आबादी को आगे बढ़ाए तरक्की अधूरी है। अखिलेश यादव ने कार्यक्रम में शामिल सभी महिलाओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि सपा ने पहले भी शिक्षा से लेकर सुरक्षा के लिए फैसले लिए थे। वो फैसले आज भी उदाहरण है। हाल ही में आये जापान के डेलीगेशन को सरकार ने वही 1090 को दिखाया जो समाजवादी सरकार में बनाया गया था। अखिलेश यादव ने कहा है कि समाजवादी सरकार में स्त्री सम्मान समृद्धि योजना लागू करने के साथ ही महिलाओं में असुरक्षा की भावना को खत्म किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए नारी केवल नारा बनकर रह गया है। सभी लोग जानते है कि महिला आरक्षण बिल संसद में पास होकर कानून बन गया है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण कानून को तुरंत लागू किया जाए। हम चाहते है कि 2027 के विधानसभा चुनाव से ही इसे लागू किया जाए।

### कई नेताओं ने थामा कांग्रेस का हाथ

लखनऊ। किसान कांग्रेस मध्य जोन के अध्यक्ष ब्रज मौर्या और तेज प्रताप गुप्ता के नेतृत्व में लखीमपुर के दर्जनों लोगों ने बुधवार को प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के समक्ष पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश कांग्रेस के ज्वाइनिंग प्रभारी नितिन शर्मा ने सदस्यता ग्रहण करने वालों को विधिवत पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलायी। सदस्यता ग्रहण करने वालों में प्रमुख रूप से कौशल श्रीवास्तव एडवोकेट, राजेश पटेल, राम नरेश भार्गव, उमेश दीक्षित, अशोक चैधरी सहित सैंकड़ों लोग शामिल रहे।

# निगोहां में बारावफात का जुलूस, हिंदू-मुस्लिम एकता की दिखी मिसाल

## तिरंगे व इस्लामी झंडों के साथ निकला जुलूस, जगह-जगह पुष्पवर्षा और शरबत-लंगर से हुआ स्वागत

अमन लेखनी समाचार



निगोहां। निगोहां कस्बे में बुधवार को जश्ने ईद मिलादुन्नबी (बारावफात) का जुलूस धार्मिक श्रद्धा, उत्साह और आपसी भाईचारे के माहौल में निकाला गया हजारों अकीदतमंदों की मौजूदगी में निकले जुलूस में तिरंगे और इस्लामी झंडे एक साथ लहराते नजर आए, जिसने क्षेत्र की गंगा-जमुनी तहजीब और हिंदू-मुस्लिम एकता की खूबसूरत तस्वीर पेश की। पूरे मार्ग पर लोगों ने फूल बरसाकर, इत्र लगाकर और शरबत पिलाकर जुलूस का स्वागत किया पाक पंजतन कमेटी के तत्वावधान में निकला जुलूस सुबह निगोहां गांव से शुरू होकर नगराम मोड़, मुख्य बाजार, भगवानपुर मोड़ सहित विभिन्न मार्गों से होता हुआ पुनः निगोहां पहुंचकर संपन्न हुआ जुलूस में घोड़े, बग्घियां, डीजे और छोटे-बड़े वाहनों का काफिला शामिल रहा बच्चे, युवा और बुजुर्ग हाथों में तिरंगा व इस्लामी झंडे लेकर नात-ए-पाक पढ़ते हुए चल रहे थे। पूरे रास्ते "या नबी सलाम अलैका" की सदाओं से माहौल भक्तिमय बना रहा जुलूस के दौरान आयोजित तकरीर में मौलाना खतिबुल कादरी सिमनानी, मौलाना कलीम रजा, हाफिज अब्दुल रहमान, मौलाना आरिफ खान तथा मौलाना अब्दुल हसीब ने पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब की शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए अमन, इंसानियत, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पैगंबर की शिक्षा सभी धर्मों और समाज को जोड़ने का संदेश देती है। जुलूस की सबसे उल्लेखनीय बात हिंदू-मुस्लिम एकता का अनूठा दृश्य रहा मुस्लिम समुदाय के साथ बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोगों ने भी जुलूस में भागीदारी निभाई। कई स्थानों पर हिंदू समाज के लोगों ने शरबत, मिठाई और लंगर की व्यवस्था कर जुलूस में शामिल लोगों का स्वागत किया। इस दौरान पूर्व ग्राम प्रधान अजय सिंह, भगवानपुर के पूर्व ग्राम प्रधान अंकुर मिश्रा, समाजसेवी सुनील त्रिवेदी, विकास सिंह, राघवेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। पाक पंजतन कमेटी के अध्यक्ष लल्लू खान ने कहा कि निगोहां का बारावफात जुलूस वर्षों से सांप्रदायिक सौहार्द और आपसी भाईचारे की पहचान बना हुआ वहीं निगोहां थानाध्यक्ष रवींद्र कुमार ने बताया कि जुलूस को सकुशल संपन्न कराने के लिए पूरे मार्ग पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के बीच जुलूस शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

# बारिश से कई इलाकों में जलभराव

## आज भी तेज बारिश का अलर्ट, बाढ़ व जलभराव का खतरा

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** राजधानी में बुधवार दोपहर करीब दो घंटे हुई मूसलधार बारिश ने जनजीवन प्रभावित कर दिया। घने काले बादलों के कारण दिन में ही अंधेरा छा गया। तेज बारिश के बीच वाहन चालकों को हेडलाइट, वाइपर और डीपर का सहारा लेना पड़ा। बारिश से बचने के लिए कई लोग फ्लाईओवर के नीचे खड़े नजर आए।

बारिश के चलते शहर के कई तिराहों-चौराहों और अंडरपास में जलभराव हो गया, जिससे यातायात की रफ्तार धीमी पड़ गई। कई मार्गों पर वाहन चालकों को पानी के बीच से गुजरना पड़ा। बुधवार सुबह से ही लखनऊ में रुक-रुककर बारिश होती रही। आसमान में घने बादल छाए रहे और करीब 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। हुसैनगंज, चौक, गोमतीनगर, सरोजनीनगर और रहीमाबाद में सुबह रिमझिम बारिश हुई। दोपहर करीब तीन बजे के बाद बारिश ने अचानक जोर पकड़ लिया। चिनहट, कमता, विभूतिखंड, विशालखंड, मलिहाबाद, बंथरा और सरोजनीनगर समेत कई इलाकों में तेज बारिश हुई। सड़कों पर पानी भरने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग ने लखनऊ में रात तक गरज-चमक के साथ तेज बारिश की संभावना जताई है। दक्षिणी उत्तर प्रदेश और उससे सटे उत्तर-पूर्वी मध्य प्रदेश के ऊपर बने निम्न दबाव क्षेत्र तथा मानसून ट्रफ के प्रभाव से प्रदेश में बारिश का दौर जारी रहने का अनुमान है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक बांदा, बलिया, वाराणसी समेत पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में 26-27 अगस्त और 31 अगस्त से 1 सितंबर के दौरान तेज बारिश और बिजली गिरने की संभावना है। वहीं, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 12 जिलों के निचले इलाकों और जलग्रहण क्षेत्रों में अचानक बाढ़ तथा जलभराव का खतरा भी जताया गया है। लोगों को खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

# रक्षाबंधन पर यात्रियों के लिए ट्रेनों का संचालन आज से

लखनऊ। रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में घर जाने की तैयारी कर रहे यात्रियों के लिए रेलवे ने सफर के विकल्प बढ़ा दिए हैं। त्योहार के दौरान संभावित भीड़ को देखते हुए उत्तर रेलवे ने अलग-अलग रूट पर विशेष ट्रेनों का संचालन तय किया है, इनमें दिल्ली और उत्तर प्रदेश के आसपास के शहरों के लिए अनारक्षित ट्रेनें शामिल हैं, जबकि लंबी दूरी के यात्रियों के लिए विशेष सेवाएं रखी गई हैं। इन ट्रेनों का संचालन अगस्त के आखिरी सप्ताह से सितंबर की शुरूआत तक अलग-अलग तारीखों पर होगा। वरिष्ठ मंडल वणिज्य प्रबंधक समर्थ गुप्ता के अनुसार मित्रता महोत्सव के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए उत्तर रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं अतिरिक्त यातायात को सुगम बनाने के उद्देश्य से विशेष नशा का संचालन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 04546 चंडीगढ़ से 27 अगस्त को रात 7:40 बजे रवाना होकर 28 अगस्त को सुबह 9:30 बजे लखनऊ पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 04545 लखनऊ से 28 अगस्त को दोपहर एक बजे रवाना होगी।

# वृद्ध महिला को जहरीले सर्प ने डसा, मौत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। नहाने जा रही एक वृद्ध महिला को जहरीले सर्प ने डस लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ने पर परिजन उसे नजदीकी सीएचसी पहुंचाया जहां चिकित्सको ने उसे मृत घोषित किया पुलिस ने पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बिराहिमपुर निवासी चंपा (60) पत्नी स्व.रामकुमार बुधवार तड़के वह नहाने जा रही थी। तभी वह पास में अनाज की टंकी पर रखी साबुन को उठा रही थी। वहीं टंकी पर बैठे जहरीले सर्प ने उसके हाथ पर डस लिया कुछ ही देर में उसकी हालत बिगड़ने पर परिजनों की इसकी जानकारी हुई। परिजनों ने देखा कि वहीं कुछ दूरी पर एक एक जहरीला सर्प फुंफकार मार रहा था। जिसे देखकर परिजन दंग रह गए। घंटों की मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने मिलकर जहरीले सर्प को पकड़ लिया। जिसकी सूचना वन विभाग को दी मौके पर



मृतका चंपा फाइल फोटो

पहुंची वन विभाग टीम ने जहरीले सर्प को अपने कब्जे में ले लिया। हालत बिगड़ने पर महिला को परिजन पहले झाड़ फूंक के लिए ले गए जहां हालत में सुधार न होता देख परिजन उसे मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां चिकित्सकों ने वृद्ध महिला को मृत घोषित किया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के परिवार में तीन बेटे हैं, जिनका रो रो कर बुरा हाल है।

# नाला चोक होने से बारिश का पानी सड़क पर फैलकर सरोजनीनगर थाने में भरा

### पीएनसी कंपनी द्वारा बनाए गए नाले की जलनिकासी व्यवस्था की खुली पोल

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। बुधवार दोपहर बाद हुई तेज बारिश ने पीएनसी कंपनी द्वारा बनाए गए नाले की जलनिकासी व्यवस्था की पोल खोल दी। नाला चोक होने से बारिश का पानी सड़क पर फैलकर सरोजनीनगर थाने के परिसर में घुस गया। थाना परिसर के साथ ही बगल स्थित हनुमान मंदिर भी जलभराव की चपेट में आ गया। मंदिर के अंदर काफी पानी भर जाने से श्रद्धालुओं और मंदिर से जुड़े लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। थाना परिसर और बरामदे में भयंकर जल भराव हो जाने से पुलिसकर्मियों के साथ फरियादियों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बरामदे में कुर्सी-मेज लगाकर शिकायतें सुनने वाले पुलिसकर्मियों को भी बैठने में परेशानी हुई। जलभराव के कारण थाने का कामकाज प्रभावित रहा और फरियादियों को अंदर पहुंचने में कठिनाई हुई। गौरतलब है कि कानपुर एक्सप्रेस-वे निर्माण के दौरान पीएनसी ने कानपुर रोड का चौड़ीकरण करने के बाद उसके दोनों ओर नालों का निर्माण कराया था। यहाँ ट्रांसपोर्ट नगर मेट्रो स्टेशन के पास बदालीखेड़ा, अवध विहार, शमा बिहार, सत्यलोक कॉलोनी सहित कानपुर रोड का सारा पानी इसी नाले से स्कूटर इंडिया की तरफ जाता है। लेकिन सैनिक स्कूल के पास नाला चोक होने से पानी आगे नहीं निकल सका। वहीं कानपुर एक्सप्रेसवे एलिवेटेड रोड की चढ़ाई-उतराई से आने वाला पानी भी नाले में जाने के बजाय सड़क पर फैलकर थाने में पहुंच गया। कुछ देर में ही सरोजनी नगर थाना परिसर पूरी तरह जलमग्न हो गया। साथ ही थाने के बरामदे तक पानी घुस गया। इतना ही नहीं बगल में मौजूद हनुमान मंदिर परिसर भी पूरी तरह जल भराव की चपेट में आ गया। मन्दिर परिसर में भयंकर जल भराव हो जाने से पुजारी व पूजा करने वाले लोगों के सामने दिक्कतें खड़ी हो गई हैं। स्थानीय लोगों ने नगर निगम और पीएनसी पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए नाले की सफाई और जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की। उधर प्रभारी निरीक्षक राजदेव राम प्रजापति ने बताया कि अचानक हुए जल भराव को लेकर तुरंत ही इसकी सूचना नगर निगम को दे दी गई। पंपिंग सेट पहुंचने के बाद ही पानी निकल सकेगा। फिलहाल देर शाम तक यहां जल भराव की समस्या बनी हुई और नगर निगम विभाग से कोई अधिकार कर्मचारी नहीं पहुंच सका।

# गलत ऑपरेशन से महिला की मौत का आरोप, सीएमओ जांच के आदेश

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज क्षेत्र के एक निजी क्लीनिक में कथित लापरवाही से ऑपरेशन के बाद महिला की मौत का मामला सामने आया मृतका के पति ने डॉक्टर पर गलत ऑपरेशन करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर मामले की जांच शुरू कर दी साथ ही सीएमओ स्तर से जांच कराए जाने की बात कही गई पुलिस के अनुसार मंगलवार रात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहनलालगंज से सूचना मिली कि कूड़ा गांव निवासी सुनीता (35), पत्नी लवकुश की इलाज के दौरान मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचायतनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मृतका के पति लवकुश ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि 30 जून 2026 को कनकहा स्थित धनवंतरी पॉली क्लीनिक में उनकी पत्नी की बच्चेदानी का ऑपरेशन कराया गया था ऑपरेशन के बाद से



उसकी तबीयत लगातार बिगड़ती रही कई बार डॉक्टर से शिकायत की गई लेकिन कोई संतोषजनक उपचार नहीं मिला मंगलवार को उसकी मौत हो गई उनका आरोप है कि डॉक्टर की लापरवाही और गलत ऑपरेशन के कारण ही पत्नी की जान गई घटना के बाद परिजनों में आक्रोश उन्होंने दोषी डॉक्टर और क्लीनिक संचालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इंस्पेक्टर मोहनलालगंज ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का वास्तविक कारण स्पष्ट होगा। मामले की जांच मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) स्तर से कराई जाएगी जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# 28 से तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** रक्षा मंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह 28 से 30 अगस्त तक तीन दिवसीय लखनऊ दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के साथ ही कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे।

भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि 28 अगस्त को शाम 4:30 बजे रक्षा मंत्री लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इसके बाद सदर बाजार, न्यू गणेशगंज और महानगर क्षेत्र में शोकाकुल परिवारों से भेंट करते होते हुए शाम 6:20 बजे कालिदास मार्ग स्थित अपने आवास पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि 29 अगस्त को सुबह 11:30 बजे रक्षा मंत्री बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। इसके बाद दोपहर 1 बजे विशाल खंड, गोमती नगर में सीनियर सिटीजन होम भवन का उद्घाटन करेंगे। शाम 4 बजे लाजपत नगर चौराहा स्थित फ्रेगरेंस पार्क का उद्घाटन करने के साथ ही लाला लाजपत राय एवं शहीद भगत सिंह की प्रतिमाओं का अनावरण करेंगे। इसके बाद विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होते हुए शाम 6:05 बजे कालिदास मार्ग पहुंचेंगे। अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि 30 अगस्त को सुबह 10:55 बजे रक्षा मंत्री दिलकुशा लॉन पहुंचेंगे, जहां सुबह 11 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का श्रवण करेंगे। इसके साथ ही लखनऊ कैंट क्षेत्र की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। इसके बाद दोपहर 12:30 बजे दुबग्गा-सीतापुर रोड बाईपास स्थित प्रेरणा स्थल के निकट रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। उन्होंने बताया कि शाम 4 बजे होटल ताज में आयोजित पीएम-सेतु कार्यशाला में शामिल होने के बाद रक्षा मंत्री शाम 5:25 बजे लखनऊ एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे और शाम 6:30 बजे दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

# बीबीएयू : दो चरणों में होगा दीक्षांत समारोह

## प्रथम चरण में पीएचडी व स्वर्ण पदक विजेताओं को किया जायेगा सम्मानित

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू), लखनऊ का 11वां दीक्षांत समारोह-2026 29 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। इसकी जानकारी पत्रकारवार्ता के दौरान बुधवार को कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने दी। इसके अतिरिक्त मंच पर डीन ऑफ अकेडमिक अफेयर्स प्रो. एस. विक्टर बाबू, कुलसचिव डॉ. अश्विनी कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक प्रो. विक्रम सिंह यादव और जनसंपर्क अधिकारी प्रो. रचना गंगवार मंच पर मौजूद रहे।

विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षांत समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। समारोह में शैक्षणिक वर्षों 2023, 2024, 2025 एवं 2026 के पात्र एवं पंजीकृत विद्यार्थियों को विभिन्न पाठ्यक्रमों के अंतर्गत उपाधियां प्रदान की जाएंगी। प्रो. मित्तल ने बताया कि बड़ी संख्या में विद्यार्थियों एवं अभ्यर्थियों की सहभागिता को देखते हुए उपाधि वितरण कार्यक्रम को दो चरणों में आयोजित किया जाएगा। प्रथम चरण सुबह 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी ऑडिटोरियम में आयोजित होगा, जबकि द्वितीय चरण दोपहर 2:00 बजे से विद्यार्थियों के संबंधित विभागों में आयोजित किया जाएगा। प्रथम चरण में पीएचडी उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों एवं स्वर्ण पदक विजेताओं सहित अन्य प्रमुख श्रेणियों के विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।

परीक्षा नियंत्रक प्रो. विक्रम सिंह यादव ने जानकारी देते हुए कहा कि दीक्षांत समारोह के प्रथम चरण में कुल 22 मेधावी विद्यार्थियों को मुख्य मंच से उपाधि प्रदान की जाएगी। इनमें स्नातक एवं परास्नातक स्तर के 17 मेधावी/विश्वविद्यालय टॉपर, 1 डीएससी तथा 4 आरडी सोनकर अवार्ड से सम्मानित होने वाले विद्यार्थी शामिल हैं। मुख्य समारोह के दौरान मंच से केवल उन्हीं विद्यार्थियों को उपाधि अथवा पुरस्कार प्रदान किया जाएगा, जिन्हें इसके लिए विशेष रूप से चयनित एवं चिह्नित किया गया है। उन्होंने कहा कि बीबीएयू के 11वें दीक्षांत समारोह में शैक्षणिक वर्ष 2023, 2024, 2025 एवं 2026 तथा बैकलॉग के अंतर्गत कुल 8551 विद्यार्थियों को विभिन्न पाठ्यक्रमों की उपाधियां प्रदान की जाएंगी। इनमें 4832 पुरुष एवं 3719 महिला विद्यार्थी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि वर्षवार आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2023 में 2139, वर्ष 2024 में 2115, वर्ष 2025 में 2237 तथा वर्ष 2026 में 2041 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी। इसके अतिरिक्त बैकलॉग के अंतर्गत 19 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की जाएगी। इस प्रकार चारों शैक्षणिक वर्षों एवं बैकलॉग को मिलाकर उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की कुल संख्या 8551 है। उन्होंने बताया कि पाठ्यक्रमवार आंकड़ों में स्नातक के 2771, स्नातक (मल्टीपल एंट्री एंड एग्जिट) के 228, परास्नातक के 4662, पीएचडी के 412, इंटीग्रेटेड पाठ्यक्रम के 142, सर्टिफिकेट कोर्स के 23, डिप्लोमा पाठ्यक्रम के 198, पीजी डिप्लोमा के 102 तथा एमफिल के 13 विद्यार्थी शामिल हैं। इनमें सर्वाधिक 4662 विद्यार्थी स्नातकोत्तर कार्यक्रम के हैं, जबकि 2771 विद्यार्थी स्नातक कार्यक्रम के हैं।

द्वितीय चरण के उपाधि वितरण कार्यक्रम को सुचारु एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी विभागाध्यक्षों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

# मनुस्मृति पर कांग्रेस के रुख पर डॉ. राजेश्वर सिंह का हमला

**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने मनुस्मृति को लेकर कांग्रेस के बयानों पर सवाल उठाते हुए महिला अधिकारों और समानता के मुद्दे पर पार्टी के कथित दोहरे रवैये को लेकर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान और संवैधानिक अधिकारों की बात करने से पहले कांग्रेस को अपने राजनीतिक इतिहास और उन फैसलों का जवाब देना चाहिए, जिन पर महिला अधिकारों को लेकर सवाल उठते रहे हैं। डॉ. सिंह ने 1985-86 के शाहबानो मामले का उल्लेख करते हुए कहा कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद मुस्लिम महिला (तलाक अधिकार संरक्षण) अधिनियम, 1986 पारित किया था। उन्होंने सवाल किया कि महिला अधिकारों के मामले में राजनीतिक दबाव को प्राथमिकता क्यों दी गई। उन्होंने तीन तलाक कानून, 2019 का जिक्र करते हुए कहा कि मोदी सरकार द्वारा कानून लाए जाने के

- बोले- महिला अधिकारों पर दोहरा मापदंड क्यों?

दौरान कांग्रेस ने इसके प्रमुख प्रावधानों का विरोध किया। उन्होंने सवाल किया कि मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों की बात करने वाली कांग्रेस उस समय मजबूती से उनके साथ क्यों नहीं खड़ी हुई। डॉ. सिंह ने समान नागरिक संहिता को लेकर भी कांग्रेस से सवाल किया। उन्होंने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 44 समान नागरिक संहिता की दिशा में प्रयास की बात करता है, लेकिन दशकों तक सत्ता में रहने के बावजूद कांग्रेस ने इस दिशा में ठोस पहल नहीं की। उन्होंने कहा कि यदि महिलाओं के अधिकार और समानता वास्तविक मुद्दा हैं तो इसका पैमाना सभी धर्मों और समुदायों के लिए समान होना चाहिए। महिला अधिकार किसी राजनीतिक दल की सुविधा का विषय नहीं, बल्कि समानता, गरिमा और न्याय का संवैधानिक अधिकार हैं।

# सरोजनीनगर में बारावफात पर निकला जुलूस-ए-मोहम्मदी

### लोगों ने जगह-जगह स्वागत कर मिठाई बांटी, अमन-शांति की दुआ

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। पैगंबर मोहम्मद साहब के पैदाइश के अवसर पर बुधवार को सरोजनीनगर में जुलूसे मोहम्मदी धूमधाम से निकाला गया। तिरंगे झंडे के साथ निकले जुलूस में सरोजनीनगर व आसपास इलाकों के काफी संख्या में बच्चे, बुजुर्ग और नवयुवक शामिल हुए। जुलूस आजादनगर स्थित नूरी मस्जिद से शुरू होकर कानपुर रोड, अमौसी मेट्रो स्टेशन, बाग नंबर-3, बाग नंबर-2 और ट्रांसपोर्ट नगर मेट्रो स्टेशन होते हुए ट्रांसपोर्ट नगर स्थित मस्जिद के पास पहुंचकर समाप्त हुआ। इस दौरान रास्ते में जगह-जगह लोगों ने जुलूस का स्वागत कर मिठाइयां वितरित कीं। चिल्लावां बाजार के पास मो. चांद, मो. फुरकान, आसिफ खान, लुकमान सिद्दीकी, मो. अख्तर खान, जान मोहम्मद और इमरान खान सहित कई लोगों ने जुलूस में शामिल लोगों को मिठाई बांटी। इस दौरान पूरे रास्ते भर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। जुलूस के समापन पर हाफिज नौशाद आलम, मौलाना नईम कादरी, कारी जमील, मौलाना खुर्शीद आलम, कारी जलील, हाफिज अबू सुफियान, हाफिज दानिश राजा और हाफिज शाहजहां ने देश में अमन-शांति, तरक्की और आपसी भाईचारे के लिए दुआ की। इसके अलावा बिजनौर, बंथरा और लतीफनगर क्षेत्र में भी जुलूसे मोहम्मदी निकाला गया। इस मौके पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर स्थानीय पुलिस फोर्स भी मौजूद रही।

# रोडवेज बस अचानक हाफ डाला से टकराई, बस चालक सहित सवारियां

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में बुधवार तड़के एक रोडवेज बस अचानक हाफ डाला से टकरा गई। हादसे में बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं बस चालक सहित कुछ सवारियां भी चोटिल हो ग?ई। हालांकि इन सभी को मामूली चोटें ही आई। उधर घटना के बाद डाला चालक अपनी गाड़ी सहित मौके से भाग निकला। कुशी नगर जिले के हाटा, पगरा निवासी बस चालक रंजीत कुमार चौहान के मुताबिक वह परिचालक राघवेन्द्र के साथ पडरौना से पडरौना डिपो की रोडवेज बस (यूपी -53 डीटी -8126) में करीब चालिस सवारियां लेकर कानपुर जा रहा था। इसमें से करीब तीस लोग आलमबाग बस अड्डे पर उतर ग?ए। इसके बाद गाड़ी में करीब दस सवारियां ही बची थी। जिन्हें लेकर वह कानपुर जा रहा था। तभी बुधवार तड़के करीब चार बजे बंथरा थाने के सामने एक हाफ डाला अचानक बस के सामने आ गया। चालक रंजीत ने ब्रेक लगाकर बस रोकने की कोशिश की, लेकिन तब तक उसकी बस हाफ डाला से टकरा गई। इस हादसे में बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं घटना में चालक रंजीत और कुछ सवारियां भी चोटिल हो गई। हालांकि सभी को मामूली चोट ही लगी थी। जिसके बाद सभी सवारियों को चालक रंजीत ने दूसरी रोडवेज बस पर बिठाकर कानपुर भेज दिया।

# शराब पीने से मना करने पर मारपीट और जातिसूचक गाली-गलौज करने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र के परवर पूरब स्थित हिम्मत खेड़ा गांव में रहने वाले पप्पू रावत ने गाँव के ही नक्के यादव उर्फ जागेश्वर पर शराब पीने से मना करने पर मारपीट और जातिसूचक गाली-गलौज करने का आरोप लगाया है। पप्पू रावत पुत्र चन्द्रपाल के मुताबिक 24 अगस्त की शाम करीब चार बजे वह खेत में अपने जानवर चरा रहा था। इसी दौरान नक्के यादव वहां पहुंचा और पास स्थित हैंडपंप पर शराब पीने लगा। आरोप है कि पप्पू ने शराब पीने से मना किया तो नक्के यादव ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी और उसके साथ मारपीट करने लगा। पप्पू का कहना है कि किसी तरह बचकर निकलने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चला गया।

# लखनऊ में 4 लाख की खाद्य सामग्री सीज, 50 हजार का खाद्य पदार्थ मौके पर नष्ट

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रक्षाबंधन त्योहार के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की संयुक्त टीम ने मलिहाबाद, कठौली और नादरगंज क्षेत्र की विभिन्न मिठाई निर्माण इकाइयों में औचक निरीक्षण किया। कार्रवाई के दौरान कुल 26 खाद्य नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। टीम ने करीब 4.62 लाख रुपये मूल्य का कच्चा माल व खाद्य सामग्री सीज की, जबकि करीब 50 हजार रुपये का खराब खाद्य पदार्थ मौके पर नष्ट कराया।

### यहां लिया गया एक्शन

कठौली के बनिया खेड़ा स्थित मैसर्स आकृति गृह उद्योग में सूजी पेड़ा, लाल पेड़ा, सूजी हलवा, सूजी बर्फी और कलाकंद बनते मिले। यहां दीवार और टिनशेड के बीच खुला स्थान, जालियों व पर्दों की कमी तथा खाद्य सामग्री का फर्श पर खुले डिब्बों में रखा जाना पाया गया। करीब 500 लीटर दूषित एसएमपी-चीनी घोल और एक क्विंटल खराब मिठाई नष्ट कराई गई। यहां से नौ नमूने लिए गए। रहीमाबाद में रमेश तिवारी के आवासीय परिसर में संचालित इकाई से सात नमूने लिए गए। करीब 10 कुंतल मिठाई मौके पर मिली। खराब 50 किलोग्राम मिल्क केक/बर्फी नष्ट कराई गई। नादरगंज स्थित मैसर्स श्याम उद्योग में साफ-सफाई की कमी, आवश्यक दस्तावेजों का अभाव और पैकेजिंग-डिस्प्ले नियमों का उल्लंघन मिला। यहां से 10 नमूने लिए गए। खराब 50 किलोग्राम मिल्क केक और मूंगफली दाना मौके पर नष्ट कराया गया।

## संक्षेप

### बाग में पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

उन्नाव। बाग में पेड़ से लटका मिला 20 वर्षीय युवक का शव, सोहरामऊ थाना क्षेत्र के बेगमखेड़ा गांव में बुधवार की दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब गांव के ही एक बाग में 20 वर्षीय युवक का शव पेड़ से लटका मिला। मृतक की पहचान ललित पुत्र स्वर्गीय सुरेश के रूप में हुई। बताया गया कि ललित मंगलवार रात से लापता था। बुधवार सुबह खेत की ओर जा रहे किसानों ने बाग में पेड़ से शव लटकता देखा तो इसकी सूचना ग्रामीणों और पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सोहरामऊ पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। परिजनों के अनुसार ललित चार भाइयों में दूसरे नंबर का था और उसकी अभी शादी नहीं हुई थी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है, वही इंस्पेक्टर अरविंद पांडे ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की हुई मौत

उन्नाव। मंगलवार देर रात आशाखेड़ा तिराहे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हो गई सोहरामऊ थाना क्षेत्र के आशाखेड़ा स्थित बॉउंड्री वॉल कंपनी में काम करने वाले 31 वर्षीय ताहिर पुत्र वाहिद अली निवासी मोहान को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से घायल को नवाबगंज सीएचसी ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने ताहिर को मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही सोहरामऊ इंस्पेक्टर अरविन्द पांडेय पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है, और बताया की तहरीर मिलने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

### लघु शंका करने को उठा युवक छत से नीचे गिरा हुई मौत

उन्नाव। असोहा क्षेत्र के मदारीखेड़ा गांव निवासी किसान जंगबहादुर 45वर्ष बीते मंगलवार की रात छत पर सोया हुआ था।देर रात लघु शंका करने उठा और उसका संतुलन बिगड़ गया युवक छत से नीचे जमीन पर गिर गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। भाई रामकुमार ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया जंगबहादुर की मौत से पत्नी श्रीमती ,बेटे सचिन ,विपिन और सौरव रो रो कर बेहाल हैं।थाना प्रभारी फूल सिंह ने बताया की छत से गिरने की सूचना भाई रामकुमार ने दी थी।शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया हैं।

## ईद मिलादुन्नबी के मौके पर बड़ी धूमधाम और अकीदत के साथ निकाला गया जुलूस ए मोहम्मदी

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। पैगंबरे इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब के जन्म दिवस 12 रबीउल अव्वल के मौके पर नगर में शानो शौकत के साथ जुलूसे मोहम्मदी निकाला गया। जुलूस में हजारों की तादाद में आशिकीने रसूल शामिल हुए।

नगर के नानामऊ रोड तिराहा स्थित मस्जिद आलिम शाह से सुबह करीब दस बजे जुलूसे मोहम्मदी उठाया गया। हाथों में इस्लामी परचम थामें आशिकीने रसूल ₹मरहबा - मरहबा, सरकार की आमद मरहबा₹ ₹लब्बैक या रसूल अल्लाह ₹ ₹नाराए रिसालत या रसूल अल्लाह₹ के नारे बुलंद करते हुए आगे बढ़े। लखनऊ रोड चौराहा पहुंचकर यहां पर उलमाए इकराम ने मोहम्मद साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके रास्ते पर चलने की अपील की। वही नात ख्वाहो ने मोहम्मद साहब की शान में नाते पेश की। यहां से चूड़ी वाली गली, मोहल्ला भटपुरी होते हुए जुलूस मोहल्ला मुकरियाना पहुंचा फिर जुलूस मोहल्ला गुलाम मुस्तफा, हटिया, घूरे टोला होते हुए मोहल्ला दरगाह शरीफ पहुंचा। जुलूस में शामिल लोग यहां पर दरगाह मीर सैयद अलाउद्दीन शाह मीरा बाबा के उर्स में शामिल हुए। इसके बाद जुलूस सैयद वाडा होते हुए नानामऊ रोड पहुंचा। जहां शाम करीब 6 बजे पुनः मस्जिद आलिम शाह पहुंचकर जुलूसे मोहम्मदी का समापन हुआ। जुलूस में मौलाना युसूफ मलिक, हाफिज सिताब, हाफिज अल्ताफ, हाफिज दिलशाद, हाफिज व कारी अजमत अली, मौलाना रिजवान, मौलाना मोहम्मद हसन, मौलाना अब्दुल रज्जाक, पूर्व पालिका अध्यक्ष इजहार खां गुड्डू, रिफाकत मिस्त्री, फरजान अली, मोहम्मद अरशद, समाजसेवी फजलुर्रहमान सहित हजारों की तादाद में लोग शामिल हुए। जुलूस के दौरान युवा सपा नेता मो० इमरान सिद्दीकी, डॉक्टर मुन्ना अल्वी, मोहम्मद शरीफ खान, मोहम्मद आमिर, बउआ हाईटेक, अफसर उर्फ चुरू सहित तमाम लोगों ने हरदोई उन्नाव मार्ग पर शिविर लगाकर जायरीनो को तबर्रुक तकसीम किया। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों में भी हर्षोल्लास के साथ जुलूसे मोहम्मदी उठाया गया।

## जेसीबी से नाला सफाई का कार्य शुरू किसानों को मिली राहत

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। मुंडा-भदनी कच्चा नाला बंद होने से करीब दो हजार बीघा फसल जलमग्न होने के मामले में बुधवार को किसानों को राहत मिली। पांच दिन पहले तीन ग्राम पंचायतों की ओर से शुरू कराई गई नाला सफाई को सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने रोक दिया था। किसानों की मांग और जनप्रतिनिधियों के हस्तक्षेप के बाद बुधवार को सिंचाई विभाग ने जेसीबी लगाकर दोबारा नाला सफाई का काम शुरू करा दिया।

मुंडा से भदनी झाल तक पानी निकासी के लिए बनाए गए कच्चे नाले में पानी का बहाव रुकने से मवई लाल, बृजपालपुर, भैंसहरा और निहालपुर गांव के किसानों की करीब दो हजार बीघा फसल जलमग्न हो गई थी। समस्या को लेकर किसानों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर शिकायत की थी। इसके बाद सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया, लेकिन नाला सफाई की आवश्यकता से इनकार कर दिया।समस्या के त्वरित समाधान के लिए एसडीएम ने बीडीओ ज्ञानेंद्र कुमार को पानी निकासी वाले स्थानों पर सफाई कराने के निर्देश दिए थे। इसके बाद शुक्रवार को मवई लाल, बृजपालपुर और निहालपुर पंचायतों ने जेसीबी से निहालपुर गांव से नाला सफाई शुरू कराई। करीब 300 मीटर सफाई होने के बाद सिंचाई विभाग ने अन्य किसानों की शिकायतों का हवाला देते हुए काम रुकवा दिया।इसके बाद शनिवार को किसान फिर एसडीएम के पास पहुंचे। जिसके बाद मंडल महामंत्री शिवलखन सिंह के नेतृत्व में किसान विधायक बंबा लाल दिवाकर के पास पहुंचे और नाला सफाई कराए जाने की मांग की जिसपर विधायक ने तुरंत फोन पर सिंचाई विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर किसानों की समस्या का समाधान करने के लिए निर्देश दिए। वहीं मवई भान गांव निवासिनी जिला पंचायत सदस्य कृष्णा कुमारी रावत के प्रतिनिधि जितेंद्र रावत ने भी किसानों की समस्या का समाधान कराए जाने के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों से मिल वार्ता की और उन्हें लिखित पत्र देकर नाला सफाई की मांग की।किसानों की समस्या को देखते हुए बुधवार को सिंचाई विभाग ने स्वयं जेसीबी लगाकर नाला सफाई का काम शुरू करा दिया। विभाग की ओर से सफाई शुरू होने पर जलभराव से परेशान किसानों ने राहत की सांस ली।

## बाढ़ को लेकर प्रशासन अलर्ट, एसडीएम ने किया निरीक्षण



अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। गंगा और कल्याणी नदी का जलस्तर बढ़ने पर प्रशासन ने बाढ़ संभावित क्षेत्रों में निगरानी तेज कर दी है। बुधवार को एसडीएम फाल्गुनी सिंह ने जमालनगर, इब्राहिमाबाद और कल्याणी नदी पुल का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामीणों व नाव चालकों से जलस्तर और आवागमन की जानकारी ली। एसडीएम ने बताया कि राजस्व टीमें गांवों में लगातार निगरानी कर रही हैं। जरूरत पड़ने पर नावों से ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने और राहत सामग्री उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों से सतर्क रहने और आपात स्थिति में तत्काल सूचना देने की अपील की।

## पीएम के बाद बीएसएफ जवान का शव पहुंचा गांव मची चीख पुकार

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव। लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे की सर्विस लाइन मटेरिया गांव के पास बाइक व ऑटो की भिड़ंत मे मंगलवार देर शाम बीएसएफ जवान की मौत हो गई थी। पीएम के बाद बुधवार को शव गांव पहुँचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। लखनऊ से आए बीएसएफ जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कराया। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के चंदौली खुर्द गांव निवासी बीएसएफ जवान शिवम 30 वर्ष पुत्र रामपाल अपने गांव के ही साथी राजेंद्र रावत के साथ बाइक से अपनी ससुराल समदपुर हरदास से वापस घर जा रहा था। जिसकी मटरिया टोल टैक्स के पास बाइक अनियंत्रित होकर ऑटो से टकरा गई थी जिसमें मौके पर ही शिवम की मौत हो गई थी। बुधवार को दोपहर पीएम के बाद शव गांव पहुंचते ही चीख पुकार मच गई। मौके पर आए बीएसएफ के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर जवान के शव को तिरंगे में लपेटकर राजकीय सम्मान के साथ सलामी देकर खेत पर अंतिम संस्कार किया। अंतिम संस्कार में मोहान विधायक बृजेश रावत,पूर्व विधायक राधेलाल रावत सहित अन्य लोगों ने पहुंचकर शव पर पुष्प अर्पित का श्रद्धांजलि दी। मृतक सोमवार को ही छुट्टी लेकर घर आया था जो कश्मीर के श्रीनगर में तैनात था। मृतक जवान की मौत से मां माधुरी सहित पत्नी गुड़िया का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक के तीन विवाहित बहने है। जिसमें जिसमें शिल्पी ज्योति, स्वाती है। एक दो वर्ष की बेटी जीवा है।

## खुले में बिक रही मिलावटी मिठाई, जिम्मेदार विभाग बेखबर

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर जहां एक तरफ बाजारों में मिठाइयों की दुकानें सज गई हैं, वहीं दूसरी तरफ आम लोगों की सेहत से खिलवाड़ का काला कारोबार भी जोरों पर है। तहसील बीघापुर मुख्यालय सहित पाटन क्षेत्र, भगवंतनगर, बक्सर, बिहार टेढ़ा बारासगवर बीघापुर जैसे प्रमुख कस्बों व बाजारों में धड़ल्ले से मिलावटी मिठाइयां और पनीर बेचा जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग इस पूरे मामले से पूरी तरह अनजान बना बैठा है। बाजारों में बिना किसी खौफ के खुले में घटिया सामग्री से तैयार मिठाइयां और मिलावटी पनीर बिक रहा है। त्योहार के मद्देनजर मुनाफाखोरी के चक्कर में दुकानदार धड़ल्ले से सेहत के लिए हानिकारक रंगों व रसायनों का इस्तेमाल कर रहे हैं।स्थानीय निवासियों का कहना है कि हर साल त्योहारों के समय सिर्फ कागजी दावे किए जाते हैं, लेकिन धरातल पर जांच टीम नदारद रहती है। अधिकारी सब कुछ जानते हुए भी आंखें मूंदे बैठे हैं, जिससे मिलावटखोरों के हौसले बुलंद हैं।क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि तत्काल बाजारों में सघन जांच अभियान चलाया जाए और मिलावटी सामान बेचने वाले दुकानदारों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ रोका जा सके।

## बारिश में कच्चा मकान ढहा, मलबे में दबकर बाबा व मासूम पोते की मौत, गांव में पसरा मातम

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सदर तहसील व कोतवाली सदर क्षेत्र के गांव मसवासी मगरवारा में बुधवार सुबह बारिश के बीच बड़ा हादसा हो गया। कच्चे मकान का एक हिस्सा भरभराकर गिर पड़ा, जिसके मलबे में दबकर 66 वर्षीय बुजुर्ग हंसराम और उनके 7वर्षीय पोते आयु की दर्दनाक मौत हो गई।

बताया गया कि सुबह करीब 9 बजे घर की छत की मरम्मत का काम चल रहा था। मंगलवार रात से रुक-रुक कर हो रही बारिश के कारण मकान पहले से ही जर्जर हो गया था। मरम्मत के दौरान ही अचानक मकान का हिस्सा गिर गया और दोनों उसके नीचे दब गए।

आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर दौड़े और तत्काल मलबा हटाने में जुट गए। कड़ी मशक्कत के बाद दोनों को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी सांसें थम चुकी थीं। एक साथ दादा-पोते की मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

मृतक आयु अपने पिता भीम का इकलौता बेटा था। भीम की दो बेटियां हैं। पिता और इकलौते बेटे को एक साथ खोने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजन शवों को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे।

सूचना पर मगरवारा चौकी पुलिस और सदर कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्र टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल की।

एसडीएम सदर राजेश विश्वकर्मा ने बताया कि मसवासी में कच्चा मकान गिरने की सूचना मिली है, मामले की जांच कराई जा रही है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि बारिश के चलते कच्चे मकानों में रह रहे गरीब परिवारों का सर्वे कराकर उनकी सुरक्षा के इंतजाम किए जाएं, जिस छत को बारिश से बचाने के लिए परिवार ठीक करा रहा था, वही उनके लिए काल बन गई।

## दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार




सुमेरपुर, उन्नाव। भगवंतनगर वार्ड नंबर 2 में दो पक्षो में जमकर खूनी संघर्ष हो गया। दोनो ही पक्षो द्वारा तहरीर दिए जाने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

एक पक्ष की पीड़िता नेहा ने तहरीर में आरोप लगाते हुए बताया कि गांव के ही रहने वाले रामपाल, राहुल, सचिन और मुकेश शराब के नशे में धुत होकर गंदी-गंदी गालियां दे रहे थे। मना करने पर आरोपियो ने लाठी-डंडा और लोहे की रॉड लेकर आये व उसके बाल पकड़कर उन्हें जमीन पर पटक दिया और लात-घूंसों से पीटना शुरू कर दिया। चीख-पुकार सुनकर जब पीड़िता का भाई सूरज और नीरज व गौरव बचाने दौड़े, तो आरोपियों ने उन्हें भी पकड़कर बेरहमी से पीटा। आरोपी रामपाल ने पीड़िता के भाई सूरज के दाहिने हाथ की उंगलियों में दांतों से काट लिया।पीड़िता का आरोप है कि दबंगों ने उनके कपड़े फाड़ दिए और मारपीट के दौरान गंभीर अंदरूनी चोटें पहुंचाईं। जाते-जाते आरोपी पीड़िता और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। जबकि दूसरे पक्ष ने शंकर,गौरव व श्री राम आदि पर अकारण ही गालीगलौज व मारपीट करने का आरोप लगाया।थानाध्यक्ष राहुल सिंह ने बताया दोनो पक्षो में मारपीट हुई है। दोनो पक्षो से मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

## खाद्य विभाग की सरपरस्ती में चल रहा मिलावट का काला कारोबार

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। विकास खण्ड हिलौली क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा विभाग की घोर लापरवाही और उदासीनता के चलते आम जनता की सेहत के साथ सरेआम खिलवाड़ किया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों की निष्क्रियता का यह आलम है कि क्षेत्र में होटल संचालकों और अवैध मिष्ठान निमार्ताओं के हौसले पूरी तरह बुलंद हैं। बिना किसी खौफ और प्रशासनिक रोक-टोक के नियमों को ताक पर रखकर धड़ल्ले से अस्वच्छ और मिलावटी मिठाइयों का निर्माण किया जा रहा है, जो सीधे तौर पर लोगों की जिंदगी पर भारी पड़ रहा है। ?कस्बे से लेकर ग्रामीण आंचल तक फैले इस अवैध कारोबार में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम की सुस्ती साफ तौर पर देखी जा सकती है। क्षेत्र में न तो कोई नियमित चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है और न ही खाद्य सुरक्षा के मानकों का पालन हो रहा है। स्थिति यह है कि दर्जनों होटल और मिष्ठान निमार्ता बिना किसी वैध लाइसेंस या पंजीकरण के ही अपनी दुकानें और कारखाने संचालित कर रहे हैं। मुनाफे की हवस में अंधे हो चुके ये संचालक आम दिनों के साथ-साथ त्योहारी सीजन में भी मिलावटी मावा, सेहत के लिए बेहद खतरनाक केमिकल वाले रंग और घटिया दर्जे के तेल व रिफाइंड का धड़ल्ले से इस्तेमाल कर रहे हैं। इन मिठाइयों को तैयार करने के दौरान साफ-सफाई के सभी दावों को ताक पर रख दिया जाता है। मक्खियों, गंदे पानी और चौतरफा फैली बदबूदार गंदगी के बीच तैयार होने वाली ये मिठाइयां ग्राहकों की थाली तक पहुंच रही हैं, जिससे क्षेत्र में गंभीर बीमारियों और फूड पॉइजनिंग का खतरा लगातार मंडरा रहा है। ?इस गंभीर स्थिति को लेकर स्थानीय निवासियों और जागरूक नागरिकों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने इस लापरवाही पर कड़ा रुख नहीं अपनाया, तो क्षेत्र की जनता को किसी बड़े स्वास्थ्य संकट का सामना करना पड़ सकता है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन और खाद्य सुरक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों से तत्काल प्रभाव से क्षेत्र में औचक निरीक्षण अभियान चलाने और इन मिलावटखोरों व अवैध मिष्ठान संचालकों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करने की पुरजोर मांग की है।

## गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल पेश कर रहा सफीपुर, सौहार्द के साथ निकला बरावफात का जुलूस

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिवस के अवसर पर बरावफात का पर्व नगर में श्रद्धा और सौहार्द के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर में झंडे का जुलूस निकाला गया। जुलूस कजियाना स्थित मौलवी फजल अजीम के इमामबाड़े से शुरू होकर नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरा। जुलूस में शामिल अंजुमनों ने नात और कलाम प्रस्तुत किए, जिससे पूरा माहौल आध्यात्मिक एवं उत्सवी नजर आया।

जुलूस के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष गरिमा बाजपेई के प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता सौरभ बाजपेई ह्यराजा बेटाह्न भी शामिल हुए। उन्होंने जुलूस में शामिल लोगों को प्रसाद वितरित कर आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया। उनकी इस पहल की लोगों ने सराहना की।

नगरवासियों का कहना है कि सफीपुर लंबे समय से आपसी प्रेम, भाईचारे और गंगा-जमुनी तहजीब के लिए जाना जाता रहा है। विभिन्न धार्मिक आयोजनों में सभी समुदायों की सहभागिता सामाजिक एकता और आपसी सद्भाव को मजबूत करती है। जुलूस शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ और लोगों ने एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं।

इस मौके पर मखदूम शाह सफी के गद्दीनशीन सज्जादा नवाजिस मियां फारुखी, अफजाल मियां फारुखी सहित रुस्तमुद्दीन पप्पू, ताहिर अंसारी, तालिब अंसारी, अजीज अंसारी उर्फ सोनू, शरीक साफ्वी, नफीस समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## अनियंत्रित बाइक पलटी किशोर समेत दो किशोरी घायल




अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में बुधवार की दोपहर परिजनों को बिना बताए किशोर ने बाइक उठाई और चचेरी बहनों को बैठाया और मुंशीगंज घूमाने ले गया थोड़ी देर बाद वापस घर लौट रहा था तभी बाइक अनियंत्रित होकर पलट गयी जिसमें तीनों नाबालिक बच्चे घायल हो गए ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायलों को मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने किशोर व किशोरी की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के गांव कायमपुर निबरवारा निवासी रोशनलाल का 13 वर्षीय पुत्र प्रिंस बुधवार को परिजनों से छिपाकर घर से बाइक लेकर अपने चाचा अमित की 11 वर्षीय पुत्री लक्ष्मी व 7 वर्षीय पुत्री शांति को बिठाकर मुंशीगंज चला गया जहां से वापस घर लौट रहा था तभी मुंशीगंज अच्छेपुर किरमिली मार्ग पर स्थित गांव खानपुर सुरौली के पास मोड़ पर बाइक चालक किशोर से बाइक कंट्रोल नहीं हो पाई और अनियंत्रित होकर पलट गयी जिसमें बाइक पर सवार तीनों बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायलों को मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने प्रिंस व शांति की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

## अकीदत व एहतराम के साथ निकला जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी का जुलूस, नात-ओ-दरूद से गूंजा कस्बा

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। मौरावां पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब के यौम-ए-पैदाइश के मुबारक मौके पर कस्बा मौरावां में ईद मिलादुन्नबी का जुलूस बड़ी अकीदत और एहतराम के साथ निकाला गया। पूरे कस्बे की फिजा रूहानी और नूरानी हो गई। हर तरफ मरहबा या मुस्तफा और नात-ओ-दरूद के दिलकश नारे गूंजते रहे।जुलूस की शान-ओ-शौकत देखते ही बन रही थी। कस्बे के मुख्तलिफ मोहल्लों से छोटी-छोटी अंजुमनें नात ख्वानी करते हुए अपने-अपने इलाकों से रवाना हुईं और तयशुदा मुकाम पर जमा हुईं। इसके बाद जुलूस पूरे एहतमाम के साथ कस्बे के मुख्य मार्गों से निकला।अमन-ओ-अमान और शांतिपूर्ण तरीके से जुलूस को संपन्न कराने के लिए स्थानीय प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। क्षेत्राधिकारी पुरवा और मौरावां थानाध्यक्ष पुलिस फोर्स के साथ जुलूस में मौजूद रहे।इस मुबारक मौके पर मौरावां आदर्श नगर पंचायत अध्यक्ष कुंवर विवेक सेठ, पूर्व विधायक उदयराज यादव और सपा प्रत्याशी प्रमोद बाजपेई सहित कई गणमान्य लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दी। नगर पंचायत से मधुकर बाबू अपने स्टाफ के साथ व्यवस्था में लगे रहे।जुलूस के रास्ते में जगह-जगह अकीदतमंदों ने शरबत, मिष्ठान, बिस्किट और नमकीन तकसीम किए। सुगमेश्वर मंदिर कमेटी की तरफ से भी स्टाल लगाकर खिदमत की गई, वहीं इदरीश मेडिकल स्टोर और सुल्तान बाग की जानिब से बच्चों में बिस्किट और नमकीन बांटे गए।

## सम्पादकीय

# अब अंतरिक्ष में खुलेंगे संभावनाओं के नए द्वार

भारत की अंतरिक्ष यात्रा अब केवल रॉकेट लॉन्च करने और उपग्रहों को कक्षा में स्थापित करने तक सीमित नहीं रह गई है। देश का निजी स्पेस सेक्टर ऐसी तकनीकों पर काम कर रहा है, जो आने वाले वर्षों में अंतरिक्ष की पूरी अर्थव्यवस्था का स्वरूप बदल सकती हैं। सैटेलाइट री-फ्यूलिंग, अंतरिक्ष का कचरा हटाने वाले रोबोट, माइक्रोग्रैविटी में दवाइयों का निर्माण और हर महीने रॉकेट लॉन्च करने की तैयारी इस बदलाव के स्पष्ट संकेत हैं। यह भारत के लिए वैज्ञानिक उपलब्धि के साथ-साथ आर्थिक और रोजगार के नए अवसरों का भी द्वार खोल रहा है। भारत अंतरिक्ष में आत्मनिर्भर बनने और पूरी स्पेश इकॉनोमी खड़ी करने की तैयारी में है। इससे आम आदमी से लेकर किसानों तक को फायदा होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ 20 स्पेस स्टार्टअप के प्रमुखों की बातचीत से यह भरोसा और मजबूत हुआ है कि भारत निजी क्षेत्र को अंतरिक्ष की नई दौड़ में बड़ी भूमिका देने के लिए तैयार है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि भारतीय कंपनियां अब केवल मौजूदा तकनीक को दोहराने के बजाय भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर समाधान विकसित कर रही हैं। अंतरिक्ष में सैटेलाइट को ईंधन देने की तकनीक इसका बड़ा उदाहरण है। अंतरिक्ष में बढ़ता मलबा पूरी दुनिया के लिए गंभीर चुनौती है। निष्क्रिय सैटेलाइट और अन्य अवशेष भविष्य के मिशनों के लिए खतरा बन सकते हैं। भारतीय स्टार्टअप का रोबोटिक स्पेसक्राफ्ट के जरिये मृत सैटेलाइट को पकड़कर कक्षा से हटाने का प्रयास इस समस्या के समाधान में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। यदि भारत इस तकनीक में सफल होता है तो वह केवल अपने लिए नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक महत्वपूर्ण स्पेस सर्विस उपलब्ध करा सकता है। सबसे आकर्षक संभावनाओं में अंतरिक्ष में दवाइयों का निर्माण है। माइक्रोग्रैविटी में कुछ प्रोटीन और जैविक पदार्थ धरती की तुलना में अलग ढंग से व्यवहार करते हैं। ऐसे में अंतरिक्ष आधारित फार्मा उत्पादन भविष्य में नई दवाओं और उच्च गुणवत्ता वाले प्रोटीन के विकास में मदद कर सकता है। हर महीने एक रॉकेट लॉन्च करने का लक्ष्य पूरा होने पर भारत वैश्विक वाणिज्यिक लॉन्च बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ा सकता है। कम लागत, कुशल इंजीनियर और तेजी से विकसित होता स्टार्टअप इकोसिस्टम भारत की प्रतिस्पर्धात्मक ताकत हैं। विदेशी कंपनियों से मिल रहे नए अनुबंध बताते हैं कि दुनिया भारतीय स्पेस टेक्नोलॉजी को गंभीरता से देख रही है। अंतरिक्ष तकनीक का लाभ धरती पर आम नागरिक और किसान तक पहुंचना भी जरूरी है। सैटेलाइट डेटा के माध्यम से मौसम, मिट्टी की नमी और फसल के स्वास्थ्य की सटीक जानकारी किसानों को मिल सकती है। आपदा प्रबंधन, मौसम पूर्वानुमान, संचार, परिवहन और स्वास्थ्य सेवाओं में भी स्पेस टेक्नोलॉजी का विस्तार जीवन को बेहतर बना सकता है। यदि लगभग 10 लाख किसानों तक इसका लाभ पहुंचता है तो अंतरिक्ष विज्ञान का सीधा सामाजिक-आर्थिक प्रभाव दिखाई देगा। कुल मिलाकर अंतरिक्ष की यह नई दौड़ भारत के लिए प्रतिष्ठा से कहीं अधिक आत्मनिर्भरता, रोजगार, नवाचार और आर्थिक विकास की दौड़ है। यदि सरकार और निजी क्षेत्र मिलकर इस अवसर को सही दिशा देते हैं तो अंतरिक्ष में खुल रहे ये नए द्वार भारत की धरती पर विकास की नई राह खोल सकते हैं और युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाएंगे।



मुद्दा

डॉ. घनश्याम बादल

# राजनीतिक द्वेष की आग में देश न जलाएं

देश इस समय राजनीतिक उबाल के ऐसे दौर से गुजर रहा है, जहां मुद्दे कम और मुद्दों पर मचा शोर अधिक दिखाई दे रहा है। वंदे मातरम् को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने हैं और एक-दूसरे को राष्ट्रवादी तथा राष्ट्रविरोधी साबित करने की होड़ लगी है। दूसरी ओर, परीक्षाओं में कथित धांधली और अनियमितताओं के विरुद्ध युवाओं का आक्रोश जंतर-मंतर से लेकर झारखंड तक सड़कों पर दिखाई दिया। भर्ती परीक्षाओं को लेकर आंदोलन इतना गंभीर हुआ कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री को त्यागपत्र देना पड़ा और अनेक परीक्षाएं रद्द करनी पड़ीं। कई अन्य परीक्षाओं की जांच का आदेश हुआ। इसी बीच 2027 के विधानसभा चुनावों की आहट ने राजनीति का तापमान और बढ़ा दिया है।

देश इस समय राजनीतिक उबाल के ऐसे दौर से गुजर रहा है, जहां मुद्दे कम और मुद्दों पर मचा शोर अधिक दिखाई दे रहा है। वंदे मातरम् को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने हैं और एक-दूसरे को राष्ट्रवादी तथा राष्ट्रविरोधी साबित करने की होड़ लगी है। दूसरी ओर, परीक्षाओं में कथित धांधली और अनियमितताओं के विरुद्ध युवाओं का आक्रोश जंतर-मंतर से लेकर झारखंड तक सड़कों पर दिखाई दिया। भर्ती परीक्षाओं को लेकर आंदोलन इतना गंभीर हुआ कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री को त्यागपत्र देना पड़ा और अनेक परीक्षाएं रद्द करनी पड़ीं। कई अन्य परीक्षाओं की जांच का आदेश हुआ। इसी बीच 2027 के विधानसभा चुनावों की आहट ने राजनीति का तापमान और बढ़ा दिया है। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ और अखिलेश यादव के बीच राजनीतिक टकराव हो या राष्ट्रीय स्तर पर राहुल गांधी, नरेंद्र मोदी और अमित शाह के बीच तीखी बयानबाजी से लगता है, जैसे राजनीति ने संवाद की जगह संघर्ष को अपना स्थायी हथियार बना लिया है। यह राजनीतिक प्रतिस्पर्धा नहीं, लोकतांत्रिक विमर्श के लिए ख़तरे की घंटी है।

राहुल गांधी आज विपक्ष के सबसे मुखर चेहरों में हैं। छात्र आंदोलनों से लेकर सरकार की नीतियों तक वे लगातार आक्रामक रुख अपनाए हुए हैं। हाल में उन्होंने छात्र प्रदर्शन के दौरान पुलिस कार्रवाई को लेकर गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे तक की मांग की और बाद में पुलिस थाने के बाहर धरने के जरिए अपना विरोध दर्ज कराया। सत्ता पक्ष भी पीछे नहीं है। भाजपा नेताओं ने राहुल गांधी के इस तेवर को राजनीति और प्रचार का हथकंडा बताया। बेशक, विपक्ष का काम सरकार से सवाल पूछना है, लेकिन हर सवाल को राजनीतिक युद्ध में बदल देना भी स्वस्थ लोकतंत्र नहीं है। सत्ता का काम जवाब देना है, लेकिन आलोचक को राष्ट्रविरोधी मान लेना भी लोकतंत्र की सेहत के लिए ठीक नहीं। परिणाम यह है कि बहस अब अक्सर इस सवाल पर टिक जाती है कि कौन किसे कितना बड़ा देशभक्त या राष्ट्रविरोधी साबित कर सकता है, लेकिन जनता पूछ रही है- इस राजनीतिक युद्ध में उसके हिस्से में क्या आया? क्या बेरोजगार युवा को नौकरी मिली? क्या परीक्षा की तैयारी में लगाए गए उसके वर्षों का नुकसान वापस किया जा सकता है? क्या पेपर लीक या भर्ती में अनियमितता के आरोपों का स्थायी समाधान हुआ? क्या महंगाई, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे सवाल राजनीतिक प्राथमिकताओं के केंद्र में हैं? यही वे सवाल हैं जिनसे राजनीतिक विमर्श बार-बार भटकता दिखाई देता है। निःसंदेह वंदे मातरम् किसी दल की जागीर नहीं है। वह भारत के स्वतंत्रता संघर्ष की गौरवपूर्ण स्मृति है। उसका सम्मान हर भारतीय के लिए स्वाभाविक होना चाहिए। राष्ट्रगीत को राजनीतिक तलवार बनाकर विपक्ष को राष्ट्रविरोधी और सत्ता पक्ष को राष्ट्रवाद का अकेला ठेकेदार घोषित करना दोनों ही खतरनाक प्रवृत्तियां हैं। राष्ट्रवाद का प्रमाणपत्र संसद में बहस के दौरान नहीं बांटा जाना चाहिए। राष्ट्रभक्ति का अंतिम पैमाना यह नहीं हो सकता कि किसने कितनी जोर से नारा लगाया। देशभक्ति को किसी राजनीतिक दल के प्रमाणपत्र की आवश्यकता नहीं है। दूसरी ओर, विपक्ष को भी यह समझना होगा कि सिर्फ सरकार के विरोध में आक्रामक



होना पर्याप्त नहीं है। राहुल गांधी और विपक्ष के सामने आज अवसर है कि वे युवाओं के वास्तविक प्रश्नों को राजनीतिक नारे से आगे ले जाकर ठोस नीति और वैकल्पिक कार्यक्रम में बदलें। सरकार पर आरोप लगाना आसान है; यह बताना कठिन है कि सत्ता में आने पर परीक्षा व्यवस्था को कैसे पारदर्शी बनाया जाएगा, रोजगार कैसे बढ़ाया जाएगा और प्रशासनिक जवाबदेही कैसे सुनिश्चित होगी। इसी कसौटी पर विपक्ष की भी परीक्षा होनी चाहिए। सत्ता पक्ष के लिए भी यही कसौटी लागू होती है। लोकतंत्र में सरकार मजबूत होनी चाहिए, लेकिन असहमति भी मजबूत होनी चाहिए।

उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ और अखिलेश यादव का राजनीतिक संघर्ष आने वाले समय में और तीखा होना स्वाभाविक है। चुनावी राजनीति में एक-दूसरे की नीतियों की आलोचना होनी चाहिए, उपलब्धियों और विफलताओं पर बहस होनी चाहिए। लेकिन यदि चुनाव जीतने की रणनीति समाज को जाति, धर्म, क्षेत्र और राष्ट्रवाद की भावनात्मक रेखाओं में लगातार बांटने लगे तो चुनाव भले जीता जा सकता है, समाज नहीं। इसी तरह बाबा रामदेव हों या अरविंद केजरीवाल, सार्वजनिक जीवन में प्रभाव रखने वाले हर व्यक्ति को यह समझना होगा कि उसके शब्द केवल बयान नहीं होते, वे सामाजिक वातावरण भी बनाते हैं। इसलिए सार्वजनिक जीवन में सक्रिय हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह आग में घी डालने के बजाय विवेक की आवाज बने। राजनीतिक दल यदि इस आक्रोश को केवल अपने पक्ष में इस्तेमाल करने की कोशिश करेंगे तो वे समस्या का समाधान नहीं, समस्या का राजनीतिक दोहन करेंगे। यहां बुद्धिजीवी वर्ग की जिम्मेदारी भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि वे केवल तालियां बजाने या निंदा करने तक सीमित हो गए तो लोकतंत्र कमजोर होगा। बुद्धिजीवी को सत्ता से भी प्रश्न पूछना चाहिए और विपक्ष से भी। उसे राष्ट्रवाद के नाम पर हो रहे राजनीतिक ध्रुवीकरण पर भी बोलना चाहिए और विपक्ष की उग्र राजनीति पर भी। लोकतंत्र में तटस्थता का अर्थ चुप्पी नहीं, बल्कि समान कसौटी है। नेताओं को भी चेतावनी समझनी होगी,देश चुनावों से चलता है, लेकिन केवल चुनावों के लिए नहीं चलता। आज यदि हर मुद्दे को चुनावी चश्मे से देखा जाएगा तो शिक्षा रोजगार से पीछे चली जाएगी, विकास आरोप-प्रत्यारोप में दब जाएगा और राष्ट्रहित दलगत हितों में उलझ जाएगा।

राजनीतिज्ञों को यह याद रखना होगा कि चुनाव पांच साल के होते हैं, लेकिन समाज पीढ़ियों तक रहता है। इसलिए राहुल गांधी की आक्रामकता हो या मोदी-शाह का पलटवार, योगी-अखिलेश का संघर्ष हो या अन्य नेताओं की बयानबाजी-हर किसी को अपनी राजनीतिक सीमा पहचाननी होगी। सत्ता को अहंकार से और विपक्ष को अति-आक्रामकता से बचना होगा। जनता को भी अब केवल नारों पर नहीं, काम पर वोट करना सीखना होगा। उसे पूछना होगा-राष्ट्रवाद की बात करने वालों ने राष्ट्र के लिए क्या किया? सरकार से सवाल करने वालों के पास समाधान क्या है?

युवाओं के भविष्य की चिंता करने वाले उनके लिए कौन-सी ठोस नीति लेकर आए हैं? क्योंकि लोकतंत्र में सबसे बड़ा हथियार नारा नहीं, जागरूक मतदाता है। देश को वंदे मातरम् पर लड़ने वाले नेता नहीं, व्यवहार में उतारने वाले नेता चाहिए। राष्ट्रवाद की आग इतनी न भड़काएं कि उसमें लोकतंत्र ही जल जाए। याद रखिए कि देश बड़ा है, दल छोटे हैं। संविधान बड़ा है, सत्ता छोटी है। जनता बड़ी है, नेता उसके प्रतिनिधि हैं। राजनीति यदि यह भूल गई तो जनता को उसे याद दिलाना होगा और यह काम केवल मतपेटी के दिन नहीं, हर दिन जागरूक नागरिक बनकर करना होगा।

मंथन

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा



# विरोध प्रदर्शन करें, पर न हो सीमाओं का अतिक्रमण

आए दिन होने वाले प्रदर्शनों के चलते सामान्य जनजीवन को बंधक बना देने की प्रवृति पर दिल्ली उच्च न्यायालय की टिप्पणी इसलिए महत्वपूर्ण हो जाती है कि प्रदर्शनों के कारण कई बार तो जीवन-मरण तक के हालात पैदा हो जाते हैं। अन्य सब कारणों और परिणामों को थोड़ी देर के लिए अलग कर भी दिया जाए तो भी हालात यहां तक हो जाते हैं कि यातायात प्रभावित होने से तत्काल मेडिकल रिलिफ की आवश्यकता वाले बीमारों तक का जीवन संकट में पड़ जाता है। इसमें कोई दो राय नहीं कि लोकतंत्र में अपनी बात कहने, अपनी बात रखने और अपना विरोध अंकित कराने का सबको अधिकार है। कहीं गलत हो रहा है तो उसका विरोध भी होना चाहिए, पर इसका मतलब यह तो नहीं होना चाहिए कि हम अपनी बात कहने के चक्कर में दूसरों को अपने सामान्य नागरिक अधिकारों से वंचित कर दें। विरोध प्रदर्शन के साथ ही दायित्व भी होता है। शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन का विरोध भी नहीं होता, पर कब इस तरह के प्रदर्शन हिंसक हो जाते हैं और कानून व्यवस्था के गंभीर हालात हो जाते हैं, इसका खामियाजा प्रदर्शनकारियों को नहीं अपितु प्रशासन और आमजन को भुगतना पड़ता है। सीजीपी के हालिया प्रदर्शनों के दौरान दिल्ली में जो हालात बने और जयपुर में पिछले दिनों सीजीपी द्वारा स्कूल प्रकरण को लेकर ग्रामवासियों और सीजीपी लोगों के साथ हालात बने, यह अपने आप में गंभीर हो जाता है। रांची और देश के अन्य स्थानों के प्रदर्शनों को भी इसी संदर्भ में देखना होगा। शहर की सामान्य व्यवस्था को ही प्रभावित करने वाले स्थानों पर प्रदर्शन स्वीकृति पर भी प्रश्न उठना स्वाभाविक है। न्यायमूर्ति अमित महाजन की यह टिप्पणी महत्वपूर्ण हो जाती है कि शहर के बीच प्रदर्शन की अनुमति क्यों कर दी जानी चाहिए। दरअसल, सीजीपी द्वारा जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किए गए और यह प्रदर्शन देखते-देखते हिंसक हो गया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों और पुलिस प्रशासन और पक्ष-प्रतिपक्ष द्वारा एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर चल जाता है, पर मूल कारण को नजरअंदाज कर दिया जाता है। इससे पहले 2017-18 में जलकट्टू घटना के संदर्भ में गठित न्यायमूर्ति राजेश्वरन आयोग की सिफारिशें भी महत्वपूर्ण हो जाती हैं। विरोध के चलते कानून हाथ में लेना या क्षेत्राधिकार से बाहर जाना एक सभ्य समाज और सभ्य नागरिक की पहचान नहीं हो सकती। सरकारी या निजी संपति को नुकसान पहुंचाने का अधिकार किसी को नहीं दिया जा सकता।

एक बात यह भी समझनी होगी कि पुलिस प्रशासन भी आखिर आदमी है और देखा जाए तो उनका मरण दोनों तरफ से हो जाता है। यदि प्रदर्शनकारियों को एक सीमा से अधिक बढ़ने पर रोके नहीं तो प्रशासन की विफलता कहने में कोई देरी नहीं लगाता, यहां तक कि प्रशासन की इंटेलिजेंस फैलियर जैसे आरोप लग जाते हैं। प्रदर्शन के हिंसक होने पर प्रशासन द्वारा कार्रवाई की आलोचना आम हो जाती है, पर जब कई बार प्रदर्शनकारियों द्वारा बेरिकेड़ तोड़ने, पत्थरबाजी, तोड़फोड़ और निरपराध आमजन को निशाने पर लेने लगते हैं तो एक बात साफ हो जानी चाहिए कि फिर प्रशासन गुलाब के फूल देकर तो प्रदर्शन को नियंत्रित नहीं कर सकता। हालांकि प्रशासन को भी संयम बरतते हुए ही कदम उठाने चाहिए। दरअसल, तस्वीर के दोनों पक्षों को देखना होगा। यदि प्रदर्शन सामान्य होता है और अनुमति प्राप्त शांतिपूर्ण प्रदर्शन हो तो उस पर पुलिस प्रशासन की सख्ती को किसी भी हालात में स्वीकारा नहीं जा सकता। प्रदर्शनकारियों द्वारा लक्ष्मण रेखा लांघी जाती है तो उस पर प्रशासन को भी कानूनी दायरे में रहते हुए कार्रवाई तो करनी ही पड़ेगी।

प्रशासन, प्रदर्शनकारियों और आमजन को अपनी सीमाओं को समझना होगा। सुर्खियों में बनने के लिए कदम उठाना किसी भी तरह से उचित नहीं ठहराया जा सकता। प्रशासन भी अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकता। पहले तो प्रशासन को भी चाहिए कि प्रदर्शन आदि के लिए ऐसा स्थान निर्धारित हो, जहां से सामान्य जनजीवन किसी तरह से प्रभावित न हो सके। आम जन, शहरी यातायात, शहर का दैनिक जनजीवन किसी तरह से प्रभावित न हो। ऐसी व्यवस्था हो, जिससे प्रदर्शनकारियों की बात वे जहां पहुंचाना चाहते हैं

## पैसा और शोहरत से बड़ी है ये ताकत!



संकलित

दर्शन

स्वामी विवेकानंद की सीख जीवन का नजरिया बदल देती है। पैसा और शोहरत से बड़ी ताकत आंतरिक मजबूती है। इसे अपनाकर जीवन वास्तव में सफल और सार्थक बनाया जा सकता है। जीवन में परिस्थितियां हमेशा अनुकूल नहीं होती हैं। कभी साधन कम होते हैं, तो कभी मेहनत के बावजूद नतीजा नहीं मिलता है। हर बार परिस्थितियों को दोष देते रहने से व्यक्ति कमजोर होता जाता है। विवेकानंद की सीख है कि सही समय का इंतजार करने के बजाय जो साधन उपलब्ध हैं उन्हीं से शुरुआत करें। अपनी जिंदगी की जिम्मेदारी खुद लेने वाला व्यक्ति धीरे-धीरे अपनी राह खुद बना लेता है। शिकायत की बजाय प्रयास ज्यादा काम आता है। आजकल दूसरों से तुलना करना बहुत आसान हो गया है। किसी की सफलता देखकर लगता है कि हम पीछे रह गए। लेकिन हर किसी की यात्रा अलग होती है। दूसरों से तुलना करने की बजाय अपनी क्षमता को पहचानना ज्यादा जरूरी है। स्वामी विवेकानंद याद दिलाते हैं कि आपके अंदर आगे बढ़ने की शक्ति पहले से मौजूद है। जरूरत सिर्फ उसे पहचानने और सही दिशा देने की है। खुद पर भरोसा, जिम्मेदारी और मुश्किल में डटे रहने की आदत जब बन जाती है तो सफलता व्यक्तित्व का हिस्सा बन जाती है। यही भीतर की ताकत जिंदगी को सच में सफल बनाती है।

## संसार में दो ही हठी और दो ही मेहमान



संकलित

प्रेरणा

माता सरस्वती और महाकवि कालिदास से जुड़ा ये दिलचस्प प्रसंग। एक बार कालिदास पड़ोसी राज्य में शास्त्रार्थ करने जा रहे थे कि उन्हें रास्ते में प्यास लगी। सामने उन्हें एक था और उसके पास एक झोपड़ी। जब वो झोपड़ी के सामने पहुंचे, तो झोपड़ी से एक बच्ची बाहर निकली। उसने कुएं से पानी भरा और जाने लगी। कालिदास ने उस बच्ची जाते देख उससे पानी मांगा। उस बच्ची ने कालिदास से कहा कि वह तो उन्हें जानती तक नहीं, एक अनजान आदमी को पानी कैसे पिला दे। कालिदास को लगा कि वो तो इतने बड़े विद्वान हैं। भला! उन्हें कौन नहीं जानता। ये बच्ची है, शायद इसलिए उन्हें नहीं पहचानती। उन्होंने बच्ची से कहा - 'बालिका! तुम छोटी हो, इसलिए मुझे नहीं पहचानती। घर में कोई बड़ा हो, तो उसे भेजो। वह मुझे अवश्य पहचान लेगा। मैं बहुत विद्वान व्यक्ति हूं और मेरा बहुत नाम और सम्मान है। बच्ची ने कहा - 'आप असत्य बोल रहे हैं। इस संसार में दो ही बलवान हैं। आपको पानी चाहिए, तो आप मुझे उनका नाम बताइये? कालीदास थोड़ा रुककर बोले - 'मुझे नहीं पता'। बच्ची ने जवाब में कहा - 'अन्न और जल। भूख और प्यास, इन दोनों में इतनी शक्ति है कि ये बड़े से बड़े बलवान को भी झुका दें। देखिये! प्यास ने आपकी हालत कैसी कर दी है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### नाश का दूसरा नाम है नशा

दुनिया में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध रूप से इनकी तस्करी पर रोक लगाने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाने की घोषणा की गई थी। इस दिवस को मनाने का एक उद्देश्य यह भी है कि लोग नशे से होने वाले नुकसानों को समझें। सन 1987 से लेकर अब तक यह अभियान कितना अमल में लाया या दुनिया के विभिन्न देशों में यह कितना कामयाब हुआ, विविध सरकारें इसके लिए कितनी गंभीर हैं, यह बातें उतनी अहमियत नहीं रखती, जितना कि यह, कि दुनिया का आमजन नशे के दुष्प्रभावों को कितना समझ पाया है? सरकारों के अभियान तभी कामयाब होते हैं, जब लोग इनमें भागीदारी सुनिश्चित करना अपनी जिम्मेदारी समझते हैं। नशीली दवाओं का सेवन लोगों की जान का दुश्मन बन गया है। नशा, नाश का दूसरा नाम है।

*- विजय कुमार साहू, रायपुर*

## ट्रेंड

### प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव



भारत 'प्रोडक्शन लिंक्ड पनिशमेंट' (उत्पादन से जुड़ी सजा) से 'प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव' (उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन) की ओर बढ़ गया है। एक समय था जब तय सीमा से ज्यादा उत्पादन करने पर कंपनियों को सजा दी जाती थी! - **नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### आत्मनिर्भर भारत



राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर, हम अपने युवा वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और उद्यमियों को सलाम करते है, जिनकी सोच, इनोवेशन और लगन हमारी क्षमताओं का दायरा लगातार बढ़ा रही है। उनकी उपलब्धियां एक आत्मविश्वास से भरे और आत्मनिर्भर भारत की भावना को दर्शाती हैं।

- **डॉ. एस. जयशंकर**, विदेश मंत्री

### महिला सशक्तिकरण



राहुल गांधी मंच से महिला सशक्तिकरण की बात तो करते हैं, लेकिन महिलाओं को अधिकार दिलाने की दिशा में सबसे क्रांतिकारी कदम, यानी 'महिला आरक्षण विधेयक' का विरोध करते है और उसके खिलाफ वोट देते है।

-**देवेन्द्र फड़नवीस**, सीएम, महाराष्ट्र

### मातृभाषा का सम्मान



हर राज्य की मातृभाषा का सम्मान और उसे बढ़ावा दिया जाना चाहिए, लेकिन किसी भी भाषा का राजनीतिकरण नहीं होना चाहिए। इससे देश की भाषाई और भावनात्मक एकता में दूरियां और मतभेद पैदा होते हैं।

- **अखिलेश यादव**, सांसद, सपा

## करंट अफेयर

### चार दशक की युद्ध तैयारी से ईरान को मिली राहत

भारतीय सैन्य विशेषज्ञ ने कहा कि ईरान ने अमेरिका के साथ संभावित युद्ध के लिए चार दशक तक तैयारी की थी, जिसमें उसके शीर्ष नेतृत्व के खत्म होने जैसी परिस्थितियों से निपटने की तैयारी भी शामिल थी, यही वजह है कि उसके विरोधियों के लिए ईरान को पूरी तरह तबाह करना मुश्किल हो रहा है। 'ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन (ओआरएफ) अमेरिका' की ओर से शुक्रवार को वाशिंगटन में आयोजित एक परिचर्चा में भारतीय सेना के सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल केजेएस ढिल्लों ने कहा कि अमेरिका और इजराइल के साथ संघर्ष में भारी नुकसान उठाने के बावजूद ईरान में लंबा खींचने वाला युद्ध लड़ने की क्षमता है।



## ऑफ बीट

### कम पहचान वाले कलाकारों की कृतियां भी अधिक कीमत पर

अमृता शेर-गिल की पेंटिंग 'द स्टोरीटेलर' 2023 में 61.8 करोड़ रुपये में बिकी थी और यह किसी भारतीय कलाकार के लिए विश्व रिकॉर्ड था। इसके बाद 2025 में एम.एफ. हुसैन की 'ग्राम यात्रा' 118 करोड़ रुपये में बिकी और 2026 में राजा रवि वर्मा की कलाकृति 'यशोदा और कृष्ण' की नीलामी 167.2 करोड़ रुपये में हुई। ऐसा लगता है कि हर साल इस तरह के नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। अगर बड़े कलाकारों की पेंटिंग की कीमतें चौंकाने वाली हैं, तो कम मशहूर कलाकारों की पेंटिंग की कीमतें भी कम नहीं हैं। उदाहरण के लिए, असित कुमार हलदर की 'मदर इंडिया' (बंगाल का विभाजन) को लें,



## संक्षेप

### नौकरी के नाम पर दिव्यांग से 7.50 लाख की ठगी

**अमेठी में शिक्षक पर मुकदमा दर्ज, जमीन गंवाने का भी दावा**

अमेठी, लोक सेवा आयोग के माध्यम से नौकरी दिलाने के नाम पर एक दिव्यांग युवक से 7.50 लाख रुपये की ठगी का आरोप लगा है। पीड़ित ने एक शिक्षक पर नौकरी का वादा कर रकम लेने, रुपये वापस मांगने पर टालमटोल करने और धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित की शिकायत पर अमेठी कोतवाली पुलिस ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है कोतवाली अमेठी क्षेत्र के तेलियानी लोनियापुर निवासी रामबहाल शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह दोनों पैरों से दिव्यांग हैं। उन्होंने आर आरपीजी कॉलेज अमेठी से परास्नातक की पढ़ाई की है। पढ़ाई के दौरान उनके कॉलेज के शिक्षक राधेश्याम सरोज से अच्छे संबंध हो गए थे। आरोप है कि शिक्षक ने उनकी दिव्यांगता के आधार पर लोक सेवा आयोग, प्रयागराज के माध्यम से नौकरी लगवाने का भरोसा दिया और इसके लिए 7.50 लाख रुपये की मांग की। रामबहाल के अनुसार, उनके पिता ने वर्ष 2021-22 में यूनियन बैंक की अमेठी शाखा से किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के तहत 3.50 लाख रुपये का ऋण लिया था। इसके अतिरिक्त, करीब आठ बिस्वा जमीन का चार लाख रुपये में एग्रीमेंट भी कराया गया। आरोप है कि इन दोनों माध्यमों से जुटाई गई यह रकम शिक्षक को दे दी गई। पीड़ित का कहना है कि काफी समय बीत जाने के बाद भी उन्हें नौकरी नहीं मिली। जब उन्होंने रुपये वापस मांगे, तो आरोपी शिक्षक ने अलग-अलग तारीखों के कई चेक दिए। इनमें 85 हजार, 47 हजार, 3.60 लाख और 50-50 हजार रुपये के चेक शामिल थे। आरोप है कि इन चेकों में खाते में पर्याप्त धनराशि न होने के कारण वो बाउंस हो गए। इसके बाद भी लगभग तीन साल तक रकम लौटाने के नाम पर उन्हें टालमटोल किया जाता रहा। तहरीर के मुताबिक, ब्याज समेत बकाया रकम बढ़कर 13.10 लाख रुपये हो गई।

### डेंगू का मरीज मिला, स्वास्थ्य विभाग सतर्क

**पंचायत एडीओ को फॉगिंग और स्वच्छता अभियान के दिए निर्देश**

अमेठी, भेंटुआ विकासखंड के संडीला गांव में डेंगू के एक संभावित मामले की पुष्टि के बाद स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। विभाग ने गांव में फॉगिंग और विशेष स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। यह मामला 10 वर्षीय अनुज पुत्र बाबूराम प्रजापति से संबंधित है। एक निजी पैथोलॉजी में कराई गई डेंगू आईजीएम जांच में उनमें संक्रमण की पुष्टि बताई गई है। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेंटुआ के अधीक्षक डॉ. अभिमन्यु कुमार वर्मा ने एडीओ पंचायत भेंटुआ मनीष कुमार को पत्र लिखा है। उन्होंने गांव में फॉगिंग, एंटी लार्वा दवा के छिड़काव और विशेष साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए हैं। एडीओ पंचायत मनीष कुमार ने बताया कि मंगलवार को एक टीम संडीला गांव में फॉगिंग करेगी।

# कैसरगंज में शान से निकला जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी का जुलूस, हजारों अकीदतमंद हुए शामिल

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। बारह रबीउल अव्वल यानी जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर बुधवार को कैसरगंज में शानदार और बेमिसाल जुलूस निकाला गया। मोहम्मद साहब की विलादत की खुशी में आयोजित जुलूस में क्षेत्र के सैकड़ों गांवों से हजारों की संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। लोगों ने पैदल, मोटरसाइकिल और चार पहिया वाहनों के साथ जुलूस में शिरकत कर अपनी खुशी का इजहार किया। कैसरगंज क्षेत्र के विभिन्न गांवों से निकले जुलूस के लोग कैसरगंज बस स्टॉप पर एकत्र हुए, जहां कई गांवों से आए लोगों का संगम दिखाई दिया। इसके बाद जुलूस का कारवां महमूद साहब बाबा की मजार की जानिब बढ़ा और बरखुद्दारपुर चौराहे से होते हुए जरवल की ओर रवाना हुआ। पूरे रास्ते लोगों में जश्न का माहौल रहा। इस मौके पर कैसरगंज चेयरमैन एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य सैयद वली सहित विभिन्न अंजुमन कमेटियों के पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी कैसरगंज प्रशांत कुमार नायक, पुलिस क्षेत्राधिकारी डीके श्रीवास्तव और प्रभारी निरीक्षक कैसरगंज राजकुमार पांडेय को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। अंजुमन के लोगों ने मोहम्मद साहब की विलादत की खुशी का इजहार करते हुए अतिथियों का स्वागत किया। वहीं ग्राम नौगैया निवासी एवं स्वतंत्रता सेनानी परिवार से ताल्लुक रखने वाले लोकतंत्र रक्षक सेनानी क्रांति कुमार सिंह तथा वरिष्ठ पत्रकार अशोक कुमार सिंह को भी अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। जुलूस में विधायक कैसरगंज आनंद यादव, शमसुद्दीन बरकाती सहित अनिल कुमार यादव और क्षेत्र के तमाम जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, अंजुमन कमेटियों के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### पुलिस-प्रशासन की मुस्तैदी से शांतिपूर्ण रहा आयोजन

जुलूस को लेकर कैसरगंज पुलिस-प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। भीड़ और यातायात व्यवस्था को देखते हुए जगह-जगह रूट डायवर्जन किया गया। भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई। तपती धूप के बावजूद पुलिसकर्मी लगातार ड्यूटी पर मुस्तैद रहे और पूरे जुलूस की निगरानी करते रहे। प्रशासन और पुलिस की बेहतर समन्वय व्यवस्था के चलते जुलूस शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। पूरे आयोजन के दौरान कहीं भी अप्रिय स्थिति सामने नहीं आई।

### जुलूस में दिखी गंगा-जमुनी तहजीब की खूबसूरत तस्वीर

कैसरगंज के जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी के जुलूस में हिंदू-मुस्लिम एकता और आपसी भाईचारे की खूबसूरत मिसाल भी देखने को मिली। विभिन्न समुदायों के लोगों ने एक-दूसरे का सम्मान करते हुए सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। जुलूस ने कैसरगंज की गंगा-जमुनी तहजीब और सामाजिक सद्भाव की मजबूत तस्वीर पेश की।

# बाबागंज में बारा रबि अव्वल का जश्न, उमड़ी भीड़

## जुलूस में दिखी गंगा-जमुनी तहजीब

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। रुपईडीहा थाना क्षेत्र में वारा रबि अव्वल का पर्व बेहद हर्षोल्लास और अकीदत के साथ मनाया गया। पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के यौम-ए-पैदाइश (जन्मदिन) के इस मुबारक मौके पर थाना क्षेत्र के लोगों में एक अलग ही उत्साह और ऊर्जा देखने को मिली। इस पर्व ने एक बार फिर साबित किया कि क्षेत्र में असली ताकत यहां की आपसी भाईचारा और सौहार्द है। वारा रबिअव्वल के इस पवित्र अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न गांवों से जुलूस निकाले गए। बाबागंज के बसभरिया, चिलबिला, बनकुरी, सुजौली, नई बाजार बाबागंज, सलारपुर, मकनपुर समेत कई गांवों के लोगों ने बढ़-चढ़कर इस आयोजन में हिस्सा लिया। जुलूस में शामिल होने के लिए सुबह से ही लोगों का आना शुरू हो गया था। हर कोई पैगंबर साहब की शान में नात-ए-पाक पढ़ते हुए और अमन का पैगाम देते हुए आगे बढ़ रहा था। जुलूस कों देखते हुए प्रशासन नें सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये थे। प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पुलिसकर्मी भी तैनात रहे और जुलूस के मार्ग पर निगरानी रखी गई। पुलिस की मौजूदगी में कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। इस मौके पर चौकी इंचार्ज बाबागंज मानवेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक भीष्म सिंह, रामानन्द यादव, आरक्षी तनवीर खान, हेड कांस्टेबल अर्जुन मौर्या, सुनील यादव, सत्यम सोनी, धनु कुमार, शिवाजी, हार्दिक, झलक आदि उपस्थित रहे।

# भरतपुर गांव में 40 लाख से बनेगा कम्युनिटी हॉल, पारले चीनी मिल ने शुरू कराया निर्माण

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराईच। जिलाधिकारी के निर्देशन में पारले चीनी मिल परसेंडी की ओर से सामाजिक सरोकार के तहत भरतपुर गांव में कम्युनिटी हॉल (बारात घर) का निर्माण शुरू कराया गया है। चीनी मिल अपने कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (उरफ) फंड से इस जनोपयोगी कार्य के लिए करीब 40 लाख रुपये खर्च करेगी। कम्युनिटी हॉल का निर्माण शुरू होने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। भरतपुर गांव को क्षेत्र का महत्वपूर्ण पुनर्वास गांव माना जा रहा है। इससे पहले भरथापुर गांव में स्थलीय मार्ग की सुविधा उपलब्ध नहीं थी। ग्रामीणों को आवागमन के लिए जल मार्ग का सहारा लेना पड़ता था। इस दौरान हुए हादसों में कई ग्रामीणों की जान भी जा चुकी है। मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री ने भरथापुर के ग्रामीणों को सुरक्षित स्थान पर विस्थापित कर पुनर्वासित करने के निर्देश प्रशासन को दिए थे। इसी क्रम में प्रशासन की ओर से ग्राम सेमरहना में ग्रामीणों के पुनर्वास की व्यवस्था की गई। मुख्यमंत्री ने नए बसाए गए गांव का भूमि पूजन किया और अपने संबोधन में इसका नाम भरतपुर रखा। अब नवस्थापित भरतपुर गांव में ग्रामीणों की सुविधाओं को बढ़ाने की दिशा में पारले चीनी मिल ने उरफ फंड से कम्युनिटी हॉल निर्माण की जिम्मेदारी उठाई है। करीब 40 लाख रुपये की लागत से बनने वाला यह भवन ग्रामीणों के लिए सामाजिक एवं सामुदायिक आयोजनों में उपयोगी साबित होगा। निर्माण कार्य शुरू होने पर ग्रामीणों ने प्रशासन और पारले चीनी मिल प्रबंधन के प्रति आभार जताया। ग्रामीणों का कहना है कि कम्युनिटी हॉल बनने से गांव में शादी-विवाह, सामाजिक कार्यक्रमों और अन्य सामुदायिक आयोजनों के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी।

# अजीमुश्शान जुलूसे मोहम्मदी में उमड़ा जनसैलाब, नारों से गूंज उठा रुपईडीहा

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रुपईडीहा, बहराइच। बुधवार को दोपहर तीन बजे सीरत कमेटी रुपईडीहा के जेरे-साया अजीमुश्शान जुलूसे मोहम्मदी का भव्य आयोजन किया गया। जुलूस जामा मस्जिद के सामने से शुरू होकर कस्बे के प्रमुख बाजारों से गुजरता हुआ राष्ट्रीय राजमार्ग-927 पर पहुंचा। इसके बाद जुलूस ने पूरे कस्बे का भ्रमण किया और वापस जामा मस्जिद के पास पहुंचकर समाप्त हुआ। जुलूस में हजारों की संख्या में आशिकाने रसूल ने शिरकत की। हाथों में इस्लामी परचम लिए अकीदतमंद नात-ओ-मनकबत पढ़ते हुए तथा दरूद-ओ-सलाम का नजराना पेश करते हुए आगे बढ़ रहे थे। इस दौरान ह्ललब्बैक या रसूलल्लाहह्व और ह्लसरकार की आमद मरहबाह्व के नारों से पूरा कस्बा गूंज उठा। जुलूस में शामिल लोगों में खासा जोश और जज्बा देखने को मिला। जुलूस में गोंडा से तशरीफ लाए मशहूर शायर समीर हाशमी ने अपनी नातिया कलाम पेश कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी नात पर अकीदतमंदों ने उत्साह के साथ दाद दी। जुलूस के दौरान कस्बे में जगह-जगह लोगों ने अकीदतमंदों का गर्मजोशी से इस्तकबाल किया। कई स्थानों पर लंगर का आयोजन किया गया, जहां जुलूस में शामिल लोगों के बीच खाने-पीने की सामग्री वितरित की गई। लोगों ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ जुलूस में शामिल अकीदतमंदों का स्वागत किया। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान मोहम्मद जुबेर फारुकी, मोहम्मद अकरम, जमालुद्दीन, एडवोकेट मोहम्मद अयूब, सीरत कमेटी सदर खेसाल फारुकी, अब्दुल वाहिद अंसारी, शब्बीर अहमद, सिराज अहमद, अब्दुल माजिद अंसारी, शमशाद खान, शादाब राईन, मोहिउद्दीन, हाफिज मतीन सहित सीरत कमेटी के पदाधिकारी, स्थानीय गणमान्य लोग और बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे। वहीं चकिया रोड चौराहे पर पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी एवं सपा नगर अध्यक्ष शब्बीर अहमद की ओर से जुलूस में शामिल लोगों के लिए मिठाई का वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंत में मुल्क में अमन-चैन, भाईचारे, खुशहाली और आपसी सौहार्द कायम रहने की दुआ की गई। जुलूस शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

# गोपिया गांव के खेत में दिखा तेंदुआ ग्रामीणों में दहशत

अमन लेखनी समाचार

मोतीपुर, बहराइच। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के रेंज मोतीपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत गोपिया में गांव के किनारे गन्ने के खेत में तेंदुआ दिखाई दिया। तेंदुआ दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। गांव निवासी दीपू और संजय ने बताया कि वह अपने खेत की रखवाली करने गए थे इसी बीच तेंदुआ दिखाई दिया हांका लगाने के बाद तेंदुआ गन्ने के खेत में घुस गया। आपको बताते चले कि गोपिया जाने वाले मार्ग पर पिछले दिनों तेंदुए का जोड़ा दिखाई दिया था मंगलवार की रात गांव के निकट तेंदुआ दिखाई देने से गांव के लोग दहशत में है किसान खेत की रखवाली करने जाने से डर रहे हैं जिससे उनकी फसलों का भी नुकसान हो रहा है। ग्रामीणों ने वन विभाग से पिंजरा लगाकर तेंदुआ पकड़ने की मांग की है।

# बाघ ने छुट्टा मवेशी को बनाया शिकार गांव में दहशत

## बाघ की दहाड़ सुनकर रात भर डरे सहमे रहे ग्रामीण

अमन लेखनी समाचार

मोतीपुर, बहराइच। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग क्षेत्र अंतर्गत रेंज मोतीपुर के राजापुर गिरंट में मंगलवार देर रात बाघ ने एक छुट्टा घूम रही मवेशी को निवाला बनाया है। पूरी रात बाघ की दहाड़ से ग्रामीणों में दहशत बरकरार रहा गांव निवासी सेवानिवृत्त सैनिक कुलदीप सिंह तथा गुरुपदेश सिंह ने बताया कि पूरी रात बाघ दहाड़ता रहा जिससे अनहोनी की आशंका हो रही थी सुबह खेत जाकर देखा तो एक छुट्टा मवेशी अध खाया हुआ पड़ा था। आपको बताते चलें कि पिछले दिनों उसी गांव में एक बुजुर्ग महिला को वन्यजीव ने हमला कर बुरी तरह से घायल कर दिया था वन विभाग ने तेंदुए के हमले की पुष्टि की थी ग्रामीणों की मांग पर पिंजरा भी लगाया था लेकिन पिंजरे में अभी तक कोई वन्य जीव कैद नहीं हुआ है। ग्रामीण कुलदीप सिंह ने बताया कि जहां पर बाघ ने छुट्टा मवेशी का शिकार किया है यदि वन विभाग वहीं पर पिंजरा लगा दे तो संभव है कि बाघ पिंजरे में कैद होगा और दहशत से निजात मिलेगी।

# दस करोड़ रुपए से बलहा विधानसभा में पांच सड़कों का होगा निर्माण

## बलहा विधायक सरोज सोनकर की मांग पर मिली स्वीकृति

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल

मोतीपुर बहराइच। प्रदेश की योगी सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण तथा मरम्मती करण कार्य के लिए लगातार कार्य कर रही जिससे लोगों का आवा गमन आसान हो और सड़क दुर्घटनाओं को भी रोका जा सके इसी क्रम में बलहा विधानसभा में दस करोड़ रुपए से पांच सड़कों के निर्माण कार्य को मंजूरी मिल गई है जल्द ही टेंडर प्रक्रिया की कार्यवाही होने के बाद निर्माण कार्य का शुभारंभ होगा। बलहा विधानसभा से विधायक श्रीमती सरोज सोनकर को जन चौपाल के दौरान क्षेत्र के लोगों ने सड़कों के निर्माण की मांग का पत्र सौपा था विधायक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर सड़क निर्माण कार्य की मांग की थी जिसमें पांच सड़कों के निर्माण कार्य को मंजूरी मिल गई है। जिसमें सीताराम पुरवा संपर्क मार्ग 1.10 किलोमीटर, ताजा पुरवा से तिखड़िया संपर्क मार्ग के मध्य संपर्क मार्ग एवं आरसीसी पुलिया का निर्माण 1.50 किलोमीटर ,अमृतपुर कांटा बेझा संपर्क मार्ग से कठौतिया संपर्क मार्ग के मध्य मार्ग निर्माण 1.50 किलोमीटर। बख्तावर गौढी से सोमई गौढी संपर्क मार्ग के मध्य निर्माण कार्य 3.30 किलोमीटर ।सर्रा द्वितीय संपर्क मार्ग निर्माण कार्य एक किलोमीटर शामिल हैं।

पांचो सड़कों की लागत लगभग दस करोड़ एक लाख चौबीस हजार रुपए है ।इस संबंध में बलहा विधायक प्रतिनिधि आलोक जिंदल ने बताया की विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों की सड़कों के लिए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा गया था जिसमें पांच सड़कों के निर्माण कार्य की मंजूरी मिली है अन्य विधिक प्रक्रियाओं को पूरी करने के बाद जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। उन्होंने बताया कई और सड़कों का प्रस्ताव गया है जल्द स्वीकृति मिलेगी।

# नातिया कलाम से गूंजा रुपईडीहा, जलसा-ए-सीरतुन्नबी में उमड़ा जनसैलाब

## बारहा ये बुजुर्गों से मैंने सुना, अपनी महफि ल में आते हैं खैरुल-वरा

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रुपईडीहा, बहराइच। नगर पंचायत रुपईडीहा स्थित जामा मस्जिद के सामने जलसा-ए-सीरतुन्नबी का भव्य आयोजन किया गया। जलसा सैयद कौनैन अशरफ सुल्तानपुरी की सरपरस्ती में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों के साथ देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए उलेमा-ए-कराम और शोरा-ए-एजाम ने शिरकत की। जलसे का आगाज हाफिज मतीन साहब ने मुकद्दस कुरान की आयतों की तिलावत से किया। इसके बाद रुपईडीहा के स्थानीय शायरों ने अपने-अपने कलाम पेश कर महफिल को नातिया कलाम से गुलजार किया। इस अवसर पर गोंडा से तशरीफ लाए मौलाना जैनुल आबेदीन अमजदी साहब ने पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद मुस्तफा की सीरत-ए-पाक पर विस्तार से रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि दुनिया में किसी व्यक्ति के आने के बाद उसके आने का चर्चा होता है, लेकिन हुजूर-ए-अकरम की आमद से पहले ही पिछले नबियों ने आपकी आमद की खुशखबरी और चर्चा अपनी उम्मतों को दिया था। कानपुर से तशरीफ लाए आलमी शोहरत याफ्ता शायर सैफ रजा कानपुरी ने अपने मशहूर कलाम किसकी आमद है कि किसरा भी धराशायी है पेश कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं श्रावस्ती से आए शायर नसीम रजा और बहराइच से तशरीफ लाए शायर समीम रजा बहराइची ने भी अपने कलाम पेश किए। जलसे की निजामत अहमद हुसैन बहराइची ने की। कार्यक्रम के दौरान नातिया कलाम और तकरीरों पर मौजूद लोगों ने उत्साह के साथ इस्तकबाल किया। सीरत कमेटी की ओर से सदर खेसाल फारूकी के साथ शमशाद हुसैन, गुलाम वारिस, आलम मेकरानी, नौशाद हुसैन अशरफी, हाफिज अतीक, इस्लामुद्दीन मिकरानी, डॉ. सज्जन अशरफी, अब्दुल माजिद अंसारी और गुड्डू मेकरानी सहित अन्य लोगों के प्रयासों से जलसे का सफल आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूर्व प्रधान मोहम्मद जुबेर फारूकी, समाजसेवी मोहम्मद अकरम, जमालुद्दीन राइनी, एडवोकेट मोहम्मद अय्यूब, जाकिर भाई, मोहिउद्दीन राइनी, मनीराम शर्मा सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे। आयोजकों ने जलसे को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी लोगों का आभार जताया।

# बारावफात जुलूस में वित्तमंत्री का काफिला फंसा

## सुरेश खन्ना कार से उतरे, पुलिस ने रास्ता साफ कराया

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर ,बारावफात के जुलूस के दौरान वित्तमंत्री सुरेश खन्ना का काफिला भीड़ में फंस गया। घटना लाल इमली चौराहे के पास हुई, जहां सड़क पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे और लंगर चल रहा था। पुलिसकर्मियों ने करीब 10 मिनट की मशक्कत के बाद काफिले को जुलूस से सुरक्षित बाहर निकाला। घटना का करीब पांच मिनट का वीडियो बुधवार दोपहर करीब 3 बजे सामने आया।

### स्टेशन से गांधी भवन जाते समय फंसा काफिला

यह घटना बुधवार सुबह करीब 10 बजे की बताई जा रही है। वित्तमंत्री सुरेश खन्ना रेलवे स्टेशन से शहर की ओर आ रहे थे। उन्हें सुबह 10:30 बजे गांधी भवन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होना था। स्टेशन वाली मस्जिद से निकाले गए बारावफात के जुलूस में हजारों की संख्या में अकीदतमंद शामिल थे। इसके चलते लाल इमली चौराहे के पास सड़क पर भारी भीड़ जमा थी।

### कार से बाहर आए वित्तमंत्री, पुलिस से ली जानकारी

काफिला भीड़ में फंसने के बाद सुरक्षाकर्मियों में हड़कंप मच गया। वित्तमंत्री सुरेश खन्ना अपनी कार से बाहर आए और पुलिसकर्मियों से आगे के रास्ते के बारे में जानकारी ली। सामने आए वीडियो में वह पुलिसकर्मियों से बातचीत करते नजर आ रहे हैं।

### अतिरिक्त पुलिस बल ने काफिले को निकाला

काफिला फंसने की सूचना पर अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर पहुंचा।

# विद्यालय में चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

## सैमसंग एलईडी टीवी बरामद, तीन आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़,पुलिस ने एक विद्यालय में हुई चोरी का खुलासा किया है। मांधाता थाना क्षेत्र के डांडी गांव स्थित संस्कार एजुकेशनल एकेडमी से चोरी हुई सैमसंग एलईडी टीवी को बरामद कर लिया गया है। इस मामले में तीन आरोपियों रवि पटेल, नितिन पटेल और संदीप पटेल को गिरफ्तार किया गया है। विद्यालय के प्रबंधक के अनुसार, 22 अगस्त को पठन-पाठन कार्य समाप्त होने के बाद विद्यालय में ताला लगा दिया गया था। अगले दिन, 23 अगस्त की सुबह करीब 9 बजे जब प्रबंधक विद्यालय पहुंचे, तो उन्होंने पाया कि सैमसंग कंपनी की एलईडी टीवी गायब थी। प्रबंधक की शिकायत पर मांधाता पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस ने सराय मेहदीराय के पास चेकिंग के दौरान रवि पटेल, नितिन पटेल और संदीप पटेल को गिरफ्तार किया। यह गिरफ्तारी सुबह करीब 11:30 बजे हुई। पूछताछ में नितिन पटेल ने पुलिस को बताया कि उसने प्रिंस उर्फ छोटू उर्फ भोला के साथ मिलकर टीवी चोरी की थी। उसने यह भी बताया कि चोरी की गई टीवी रवि पटेल के कहने पर उसे दी गई थी। पुलिस के अनुसार, रवि पटेल शादी-विवाह में वीडियोग्राफी और टीवी लगाने का काम करता है। रवि ने पूछताछ में बताया कि उसने चोरी की टीवी को छिपाने के लिए संदीप पटेल और मोहित पटेल को दिया था। रवि की निशानदेही पर पुलिस ने संदीप पटेल के ठिकाने से सैमसंग कंपनी की एलईडी टीवी बरामद कर ली।

# घर में फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव

## अंतू में 2 साल पहले हुई थी पति की मौत, दो बच्चों संग रह रही थी; पुलिस ने जांच में जुटी

अमन लेखनी समाचार




प्रतापगढ़ के अंतू थाना क्षेत्र के सराय उगई नेवादा गांव में सुबह एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी है। मौत के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

### 8 वर्ष पहले हुई थी मृतका की शादी

मृतका की पहचान फातिमा बानो (28) पत्नी स्वर्गीय साबिर के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि फातिमा की शादी लगभग आठ वर्ष पहले साबिर से हुई थी। करीब दो वर्ष पहले पति की बीमारी से मौत हो गई थी। इसके बाद फातिमा अपने दो बच्चों अवीवा (6) और माही (4) के साथ परिवार में रह रही थी। सोमवार सुबह करीब साढ़े छह बजे परिजनों ने फातिमा को फंदे से लटका देखा। उन्होंने तत्काल अंतू पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया।

### पुलिस ने मायके पक्ष को किया सूचित

फातिमा अपने जेठ सोहराब अली और जेठानी के साथ रह रही थी। घटना के बाद उसके दोनों बच्चों का बुरा हाल है। पुलिस ने मृतका के मायके पक्ष को भी सूचित किया है, जो रायबरेली के सलोन क्षेत्र में थाना परसदेपुर अंतर्गत पदमपुर में है।

### अंतू थाना प्रभारी अभिषेक सिरोही ने बताया कि-

शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कारवाई की जाएगी। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर रही है और घटनास्थल से जुड़े तथ्यों को जुटा रही है।

## संक्षेप

### महिला ने पति पर दुकान बेचने का आरोप लगाया

#### प्रभारी मंत्री के सामने कलेक्ट्रेट में किया हंगामा

बागपत ,सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रभारी मंत्री जसवंत सैनी के सामने एक महिला ने हंगामा किया। महिला ने पति पर बिना सहमति दुकान बेचने का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। यह घटना विकास कार्यों की समीक्षा बैठक के बाद हुई। महिला के हाथ में एक पंपलेट था, जिस पर लिखा था, 'औरत धरती पर बोझ व श्राप है, आदमी धरती का राजा है' मंत्री के बैठक से बाहर निकलते ही महिला ने उन्हें देखकर चिल्लाना शुरू कर दिया और अपनी समस्या बताना चाहा। मौके पर मौजूद थाना प्रभारी मनोज कुमार चाहल और महिला पुलिसकर्मियों ने हस्तक्षेप कर महिला को शांत कराया और उसे कलेक्ट्रेट परिसर से बाहर भेजा। पूछताछ में महिला ने बताया कि उसके पति ने उसकी सहमति के बिना एक दुकान बेच दी है। उसका पति 17 अगस्त से घर छोड़कर चला गया है। महिला का आरोप है कि जब उसने फोन पर पति से बात की, तो उसने बच्चों के पालन-पोषण की जिम्मेदारी खुद उठाने की बात कही। महिला ने बेची हुई दुकान की धनराशि वापस दिलाने और पति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी मनोज कुमार चहल के अनुसार, प्रथम दृष्टया यह मामला पति-पत्नी के बीच पारिवारिक विवाद का प्रतीत होता है। पुलिस ने महिला को भरण-पोषण और आर्थिक सहायता के लिए परिवार न्यायालय में वाद दायर करने की सलाह दी है। पुलिस ने महिला को समझाकर स्थिति को शांत कराया।

### लापता होने पर परिजनों ने लगाई कार्रवाई की गुहार

#### एसपी ऑफिस में मुख्यमंत्री के नाम शिकायत भेजकर जल्द बरामदगी की गुहार लगाई

बागपत, एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। परिजनों ने पुलिस पर शिकायत के बावजूद कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम शिकायत भेजकर युवक की जल्द बरामदगी की मांग की है। परिजनों की शिकायत के मुताबिक, 20 जून 2026 को अमित नामक एक युवक उनके घर आया था। आरोप है कि अमित लापता युवक विशाल को किसी काम के बहाने अपने साथ ले गया। इसके बाद से विशाल घर वापस नहीं लौटा है और परिजनों को उसका कोई सुराग नहीं मिला है। इस संबंध में परिजनों ने 28 जून को बागपत थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भी कई बार शिकायतें देने का दावा किया है।

### 26 दिन से लापता युवक का शव मिला

#### मेरठ पुलिस सीसीटीवी खंगाल रही, घरवालों ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी

मेरठ, कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र में 21 अगस्त से लापता 26 वर्षीय नावेद पुत्र बिलाल का सड़ा-गला शव सोमवार शाम बरामद हुआ। शव घर से करीब एक किलोमीटर दूर वर्णिका सिटी कॉलोनी में ट्रांसफार्मर के पास मिला। शव की हालत इतनी खराब थी कि पहचान करना मुश्किल हो गया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सोमवार शाम करीब चार बजे कॉलोनी के लोगों ने ट्रांसफार्मर के पास शव पड़ा देखा। इसके बाद उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी।

# मोहम्मद साहब के जन्मदिवस में मुस्लिम समुदाय का उमड़ा जनसैलाब

## जगह-जगह पुलिस प्रशासन की निगरानी में निकला जुलूस

अमन लेखनी समाचार



बिंदकी, फतेहपुर। मुस्लिम समुदाय के पैगंबर मोहम्मद साहब का जन्म दिवस जुलूस निकालकर जगह-जगह धूमधाम से मनाया गया जनपद के जहानाबाद कस्बे में इस्लामिक झंडे के साथ मुस्लिम समुदाय के पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्म दिवस के अवसर पर जुलूस निकाला गया कस्बे के लालूगंज रामगंज बाकरगंज औरंगाबाद थाना मोड पटेल नगर बस स्टैंड तथा काजी टोला से होते हुए जुलूस बाकरगंज इब्राहिम हवेली पहुंचा और जुलूस का समापन हुआ जुलूस में सम्मिलित नगर अध्यक्ष सैयद आबिद हसन पूर्व नगर अध्यक्ष अनवारुल हक शहर काजी मौलाना मोहम्मद सफी खां नूरी डॉक्टर असलम अंसारी आदि हजारों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग मौजूद रहे ठीक इसी प्रकार जनपद के अमौली विकासखंड कस्बे समेत क्षेत्र के अनेक गांव जैसे मेढापाटी बेहटा खुर्द सिकंदरपुर गौरा अवाजीपुर आदि स्थानों में जुलूस निकालते हुए मुस्लिम समुदाय के लोगों ने परंपरागत ढंग से जन्म दिवस मनाया अमौली विकासखंड कस्बे के जामा मस्जिद से जुलूस निकाला गया जहां ईद उल मिलाद उन नबी बारावफात के उपलक्ष में समाजसेवी व्यवसायी जनप्रतिनिधियों ने जगह-जगह हिंदू मुस्लिम एकता स्थापित करते हुए जुलूस में मौजूद लोगों को शरबत तथा स्वल्पाहार कराया निकले हुए जुलूस में ग्राम प्रधान पति प्रकाश चंद्र उर्फ बंटू सोनकर फूल हसन राजा ट्रेलर मुमताज अहमद अशरफ कादरी असलम परवेज अशरफ खान आदि भारी संख्या में बच्चों समेत पुरुष महिलाएं सम्मिलित रहे सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए अमौली चौकी प्रभारी अविनाश मिश्रा ने जगह-जगह पुलिस बल तैनात रखा वहीं अन्य क्षेत्रीय स्थानों में भी पुलिस प्रशासन ने सजगता दिखाई वहीं क्षेत्र के जहानाबाद कस्बे में।

# पत्रकार की पत्नी का हार्ट अटैक से इंतकाल नम आंखों से दी अंतिम विदाई

अमन लेखनी समाचार

बकेवर/फतेहपुर। जनपद के बकेवर थाना क्षेत्र अंतर्गत कंशमीरीपुर गांव निवासी वरिष्ठ पत्रकार लईक अहमद की पत्नी सरवरी बेगम (50) का बीते दिन हृदयाघात से आकस्मिक निधन हो गया। उनके इंतकाल की खबर जैसे ही क्षेत्र में पहुंची, कंशमीरीपुर समेत आसपास के गांवों में शोक की लहर दौड़ गई।परिवार, रिश्तेदारों, पत्रकार साथियों और शुभचिंतकों में गहरा दुख छा गया।आज दोपहर सरवरी बेगम के जनाजे में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। गमगीन माहौल में परिजनों ने उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया। अंतिम विदाई के दौरान हर आंख नम थी और मौजूद लोगों ने दिवंगत को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिवार को ढांढस बंधाया।सरवरी बेगम के निधन की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में पत्रकार, समाजसेवी, राजनीतिक दलों से जुड़े लोग, रिश्तेदार, मित्र और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक शोक व्यक्त करने पहुंचे। सभी ने इस आकस्मिक निधन को परिवार के लिए अपूरणीय क्षति बताया।पत्रकार साथियों ने कहा कि लईक अहमद और उनके परिवार के लिए यह बेहद कठिन और पीड़ादायक समय है।जीवनसाथी का अचानक साथ छूट जाना किसी भी परिवार के लिए गहरा आघात है।इस दुख की घड़ी में पत्रकार समुदाय और क्षेत्र के लोग परिवार के साथ खड़े हैं।परिजनों और शुभचिंतकों ने दिवंगत सरवरी बेगम की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा ईश्वर से शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।सरवरी बेगम के निधन के बाद से कंशमीरीपुर और आसपास का क्षेत्र गमगीन है। उनके परिचित उन्हें सहज, मिलनसार और परिवार के प्रति समर्पित महिला के रूप में याद कर रहे हैं। अंतिम विदाई में उमड़ी भीड़ इस बात की गवाह बनी कि उन्होंने अपने पीछे रिश्तों और आत्मीयता से जुड़ी गहरी छाप छोड़ी है।इस मौके पर क्षेत्रीय पत्रकारों एवं जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या लोग मौजूद रहे।

# बैंक बता कर गई नाबालिक बेटी नहीं पहुंची घर पिता ने दी तहरीर

अमन लेखनी समाचार

जहानाबाद, फतेहपुर,जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव द्वारिकापुर जट्ट निवासी एक पीड़ित ने नजदीकी थाना जहानाबाद में लिखित तहरीर देते हुए बताया कि उसकी 17 वर्षीय नाबालिक बेटी घर से बैंक जाने की बात बताकर जहानाबाद विगत दिवस 25 अगस्त को गई थी देर शाम तक वापस नहीं लौटी जहां परिजनों ने खोजबीन प्रारंभ की अथक प्रयासों के बाद भी युवती का पता नहीं चला जहां पीड़ित पिता ने बताया कि वह काले रंग का सूट और पैरों में लाल जूती पहने हुए हैं थाना प्रभारी योगेश कुमार ने तहरीर स्वीकृत करते हुए गुमशुदगी दर्ज की तथा खोजबीन प्रारंभ की

# प्रशासन ने वांछित अभियुक्त को तमंचा कारतूस के साथ किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर।जनपद के गाजीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव सेवरामऊ निवासी 27 वर्षीय वांछित अभियुक्त संगम दुबे पुत्र जय किशोर को प्रशासन ने कड़ी मशक्कत के बाद थाना क्षेत्र के डगरिया मोड के समीप से गिरफ्तार किया अभियुक्त के खिलाफ गाजीपुर थाना में कई धाराओं पर मुकदमा पंजीकृत था जहां थाना प्रभारी विनोद कुमार ने अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए तलाशी ली जहां अभियुक्त के पास एक अवैध 315 बोर तमंचा एक 315 बोर जिंदा कारतूस तथा एक फोन बरामद हुआ इस मिशन में थाना प्रभारी विनोद कुमार के साथ उपनिरीक्षक कमलेश कुमार मुख्य आरक्षी संदीप यादव आरक्षी बलराम सिंह प्रभाकर आदि लोगों का भी सराहनीय योगदान रहा गिरफ्तार किए गए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश करते हुए थाना प्रभारी ने वैधानिक कार्रवाई की

# आंध्र प्रदेश के काकीनाडा से वांछित मेरठ से गिरफ्तार

## हत्या करने, एक ही परिवार के तीन लोगों को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,मेरठ पुलिस ने आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले से हत्या और एक ही परिवार के तीन लोगों की आत्महत्या के मामले में फरार आरोपी शूटिंग कोच शेख सादिक खान को गिरफ्तार किया है। आरोपी को इस घटना के बाद से राजमहेंद्रवरम और काकीनाडा पुलिस तलाश कर रही थी। आरोपी यहां छिपने के लिए आया था लेकिन पुलिस के हत्थे चढ़ गया। इस बड़ी सफलता के लिए आंध्र प्रदेश पुलिस ने मेरठ पुलिस का आभार जताया है। बताया जाता है कि तीन सुसाइड व एक हत्या के बाद लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया था। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री खुद इन केसों की निगरानी कर रहे थे। आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले के पिथापुरम मंडल में पंचायत राज विभाग में असिस्टेंट इंजीनियर के तौर पर काम करने वाले 61 वर्ष के नूका राजू ने 16 अगस्त की रात राजमहेंद्रवरम शहर में रोड-कम-रेल ब्रिज से अपनी पत्नी 58 वर्षीय मीना, 38 वर्षीय बेटी सौजन्या और 10 वर्ष के पोते कार्तिकेय रेड्डी के साथ गोदावरी नदी में छलांग लगा दी थी। कार्तिकेय बेहोशी की हालत में टापू पर मिला, जिसे मछुआरों ने बचा लिया। सोमवार को स्टेट डिजास्टर रिस्पान्स फोर्स ने नूका राजू व अन्य लोगों के शवों को बरामद कर लिया।

### सुसाइड नोट से खुली आत्महत्या की वजह

आंध्र प्रदेश पुलिस एक ही परिवार के तीन लोगों द्वारा की गई इस आत्महत्या की वजह तलाशने में जुट गई। कार की तलाशी के दौरान पुलिस को उस परिवार का सुसाइड नोट हाथ लग गया, जिसे पढ़कर सब सन्न रह गए। तीनों के द्वारा यह कदम सादिक खान नाम के युवक के उकसाने पर उठाया था। जिनके यहां नूका राजू का पोता कार्तिकेय शूटिंग सीखा करता था। दरअसल, सादिक खान काकीनाडा में शूटिंग अकादमी चलाता था। वह नूका राजू की बेटी सौजन्या के पति जगदीश रेड्डी की मौत के बाद उसे परेशान करने लगा था।

### डीएम-एसपी को संबोधित था सुसाइड नोट

परिवार सादिक से बेहद परेशान हो चुका था। सादिक तरह तरह से उस परिवार को नुकसान पहुंचा रहा था। उसने नूका राजू व कार्तिकेय को मारने की धमकी दे दी थी। मरने से पहले परिवार ने डीएम-एसपी को संबोधित सुसाइड नोट तैयार किया और कार में छोड़ दिया।

# मंडल में 2.69 लाख मीट्रिक टन स्टॉक

## उप गन्ना आयुक्त ने कहा- जमाखोरी करने वालों पर होगी कार्रवाई, चेकिंग के लिए टीमें गठित

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,चीनी की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी के बीच कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए प्रशासन ने निगरानी बढ़ा दी है। उप गन्ना आयुक्त यशपाल सिंह ने कहा कि पर्याप्त स्टॉक होने के बावजूद यदि कोई व्यापारी कृत्रिम कमी पैदा करने, जमाखोरी या कालाबाजारी की कोशिश करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मेरठ परिक्षेत्र में वर्तमान में 2,69,672.46 मीट्रिक टन चीनी का स्टॉक उपलब्ध बताया गया है। विभाग का कहना है कि मंडल में चीनी की पर्याप्त उपलब्धता है।

### चीनी मिलों से बाजार तक निगरानी

मुख्यमंत्री के निर्देश और आयुक्त गन्ना एवं चीनी, उत्तर प्रदेश के दिशा-निर्देशों के बाद चीनी मिलों से लेकर बाजार तक निगरानी बढ़ा दी गई है। चीनी मिलों के स्टॉक का नियमित भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है। इसके अलावा एसजीके पोर्टल पर मिलों के दैनिक स्टॉक की जानकारी दर्ज कर उसकी निगरानी की जा रही है। विभाग की टीमें चीनी डीलरों, थोक विक्रेताओं और बड़े उपभोक्ताओं के स्टॉक पर भी नजर रख रही हैं।

### 400 मीट्रिक टन से ज्यादा स्टॉक पर रोक

विभाग के अनुसार, निर्धारित सीमा से अधिक स्टॉक, बिक्री और उपलब्धता में असामान्य अंतर या संदिग्ध गतिविधि मिलने पर जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार चीनी डीलर प्राप्त चीनी को 30 दिन से अधिक समय तक स्टॉक नहीं कर सकते। इसके अलावा किसी भी समय 400 मीट्रिक टन से अधिक चीनी रखने की अनुमति नहीं है। वहीं, 10 मीट्रिक टन या उससे अधिक मासिक खपत वाले बल्क कंज्यूमर्स के लिए 15 दिन से अधिक अवधि तक चीनी का स्टॉक रखने पर प्रतिबंध है।

# रक्षाबंधन पर मनचलों पर नजर रखेगी महिला पुलिस

## सादे कपड़ों में 28 टीमें बाजारों-मॉल में रहेंगी तैनात

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद , रक्षाबंधन और आने वाले त्योहारों को देखते हुए बाजारों में महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा के लिए पुलिस ने ऑपरेशन डिकॉय शुरू किया है।इस अभियान के तहत महिला पुलिसकर्मी सादे कपड़ों में भीड़ के बीच रहेंगी और

### छेड़छाड़ करने वालों पर नजर रखेंगी।

डीसीपी धवल जायसवाल ने बताया कि अभियान की जिम्मेदारी एसीपी सुचिता सिंह को दी गई है। पूरे जिले में महिला पुलिस की 28 टीमें बनाई गई हैं। हर टीम में महिला दरोगा समेत 8 पुलिसकर्मी होंगे। ये सभी सादे कपड़ों में तैनात रहेंगे। बाजार, मॉल और स्कूल-कॉलेज के बाहर नजर ऑपरेशन डिकॉय के तहत शहर के बाजारों, मॉल, बस अड्डों, रेलवे स्टेशन और स्कूल-कॉलेज के आसपास महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती रहेगी। टीम भीड़ के बीच रहकर मनचलों और शरारती तत्वों पर नजर रखेगी। अगर कोई युवक महिलाओं या छात्राओं से छेड़छाड़ या बदसलूकी करता मिला तो महिला पुलिसकर्मी संबंधित थाने को सूचना देकर मौके पर पुलिस बुलाएंगी। इसके बाद आरोपी को थाने ले जाकर कार्रवाई की जाएगी। सुबह स्कूल-कॉलेज, शाम को बाजारों में ड्यूट एसीपी सुचिता सिंह ने बताया कि महिला पुलिस की टीमें सुबह 8 बजे से स्कूल-कॉलेज के आसपास निगरानी करेंगी। दोपहर में भी संवेदनशील स्थानों पर नजर रखी जाएगी। शाम के समय बाजारों में टीमों की तैनाती रहेगी ऑपरेशन डिकॉय में एंटी रोमियो स्क्वायड और मिशन शक्ति की महिला पुलिसकर्मियों को भी शामिल किया गया है। एसीपी ने कहा कि पुलिसकर्मियों को साफ निर्देश दिए गए हैं कि बिना वजह किसी को परेशान न किया जाए। संवेदनशील इलाकों में पैदल गश्त बढ़ेग पुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गौड ने सभी एसीपी और थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में संवेदनशील और अतिसंवेदनशील स्थानों को चिन्हित करने के निर्देश दिए हैं। प्रमुख बाजारों, धार्मिक स्थलों, भीड़भाड़ वाले इलाकों और चौराहों पर पुलिस बल तैनात रहेगा। बारावफात को देखते हुए गोकशी की घटनाओं पर भी नजर रखने और नामजद व चिन्हित आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस बाजारों में पैदल गश्त के साथ संदिग्ध लोगों और वाहनों की चेकिंग भी करेगी। जुलूस और शोभायात्रा के रूट पहले चेक होंगे एडिशनल पुलिस कमिश्नर राजकरन नैयर ने अधिकारियों को त्योहारों के दौरान निकलने वाले जुलूस, शोभायात्रा और धार्मिक कार्यक्रमों को लेकर आयोजकों से पहले ही बातचीत करने के निर्देश दिए हैं।

# सहकारी डेयरी प्रशिक्षण संस्थान की प्रिंसिपल रिश्वत लेते गिरफ्तार

## बिल पास करने के लिए 1.35 लाख लिए, एंटी करप्शन टीम ने रंगेहाथ दबोचा

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,परतापुर स्थित सहकारी डेयरी प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान की प्रिंसिपल वंदना सिंह को एंटी करप्शन टीम ने 1.35 लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। आरोप है कि संस्थान परिसर में संचालित कैंटीन के बिल पास करने के एवज में प्रिंसिपल ने कैंटीन संचालक से रिश्वत मांगी थी। कार्रवाई के बाद एंटी करप्शन टीम वंदना सिंह से पूछताछ कर रही है। सहकारी डेयरी प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान में अमित सिवाच ठेके पर कैंटीन चलाते हैं। पिछले काफी समय से वह कैंटीन के बिलों का भुगतान कराने के लिए विभाग के चक्कर लगा रहे थे। आरोप है कि काफी प्रयास के बाद भी बिल पास नहीं हुए तो उन्होंने प्रिंसिपल वंदना सिंह से मुलाकात कर मदद मांगी। आरोप है कि प्रिंसिपल ने बिल पास करने के बदले अमित सिवाच से 1.35 लाख रुपए की रिश्वत मांगी। साथ ही कथित तौर पर यह भी कहा गया कि रकम नहीं देने पर बिल पास नहीं किए जाएंगे और आगे कैंटीन का ठेका रिन्यू कराने में भी परेशानी खड़ी की जाएगी।

### परेशान होकर एंटी करप्शन टीम से की शिकायत

लगातार कार्यालय के चक्कर लगाने के बाद अमित सिवाच ने मामले की शिकायत एंटी करप्शन की मेरठ यूनिट से की। शिकायत मिलने के बाद टीम ने मामले की जांच की और रिश्वतखोरी के आरोपों की पुष्टि के लिए कार्रवाई की योजना बनाई।

### रकम लेकर पहुंचा ठेकेदार, टीम ने दबोचा

एंटी करप्शन टीम ने अमित सिवाच को रिश्वत की रकम लेकर प्रिंसिपल के पास भेजा। रकम पर केमिकल लगाया गया था। अमित सिवाच ने जैसे ही 1.35 लाख रुपए वंदना सिंह को दिए, पहले से मौजूद एंटी करप्शन टीम ने उन्हें रंगेहाथ पकड़ लिया। टीम ने रिश्वत की रकम बरामद कर ली है। फिलहाल वंदना सिंह से पूछताछ की जा रही है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।छापा पढ़ते ही अकाउंटेंट सीट से भागा एंटी करप्शन की टीम ने पहले अमित सिवाच को विभाग में भेजा था।

# युवक की मौत के डेढ़ महीने बाद 4 पर केस

## मारपीट और आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप, पेड़ पर लटका मिला था शव

अमन लेखनी समाचार



जेवर ,ग्रेटर नोएडा में जेवर के सिरसा खादर गांव में युवक की आत्महत्या के मामले में करीब डेढ़ महीने बाद पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।परिजनों ने अभिषेक, राहुल, धीरज और अंकुर पर कन्हैया कुमार से मारपीट करने और उसे आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। शाम करीब 4 बजे एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। फंदे से लटका मिला था शव सिरसा खादर निवासी कन्हैया कुमार का शव 19 जुलाई की सुबह गांव के बाहर अमरूद के पेड़ पर फंदे से लटका मिला था।घटना के बाद परिजनों ने हत्या की आशंका जताई थी और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी।एफआईआर दर्ज नहीं होने पर ग्रामीणों ने परिवार के साथ गांव में पंचायत की।पंचायत में आरोपियों पर कार्रवाई की मांग उठने के बाद पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज किया।फटे कपड़ों और टूटे मोबाइल के साथ घर पहुंचा था मृतक के भाई ने पुलिस को बताया कि 18 जुलाई की रात करीब 10 बजे कन्हैया घर आया था।

# चचेरे भाई ने कुल्हाड़ी से काटा-युवक की मौत

## आपसी विवाद के बाद आरोपी फरार, तलाश में तीन टीमें गठित

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर,ग्रेटर नोएडा के दादरी थाना क्षेत्र के रामपुर फतेहपुर गांव में देर रात एक चचेरे भाई ने कुल्हाड़ी से वार कर दूसरे भाई की हत्या कर दी। मृतक की पहचान शाहिद (28) के रूप में हुई है, जो राजमिस्त्री का काम करता था।दादरी थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि शाहिद पुत्र जैनुद्दीन (28) और उसका चचेरा भाई इमरान पुत्र गयासुद्दीन, दोनों बिहार के अररिया जिले के रमई गांव के निवासी थे।वे रामपुर फतेहपुर गांव में एक ही कमरे में किराए पर रहते थे और मजदूरी करते थे ग्रेटर नोएडा के दादरी थाना क्षेत्र के रामपुर फतेहपुर गांव में देर रात एक चचेरे भाई ने कुल्हाड़ी से वार कर दूसरे भाई की हत्या कर दी। 23/24 अगस्त 2026 की रात दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया।विवाद इतना बढ़ गया कि इमरान ने कुल्हाड़ी से शाहिद पर वार कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी इमरान मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर दादरी थाना पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद कर ली। पुलिस ने मृतक के शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों से प्राप्त तहरीर के आधार पर दादरी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।आरोपी इमरान की गिरफ्तारी के लिए तीन पुलिस टीमों का गठन किया गया है।पुलिस का कहना है कि आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# दिल्ली पुलिस का फर्जी दरोगा गिरफ्तार

## वर्दी पहनकर लोगों पर झाड़ता था रौब; होटल-रेस्तरां में खाना खाकर नहीं देता था पैसे

अमन लेखनी समाचार



नोएडा ,सेक्टर-113 थाना पुलिस ने दिल्ली पुलिस के सब-इंस्पेक्टर की फर्जी वर्दी पहनकर लोगों पर रौब झाड़ने वाले युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मथुरा निवासी 34 साल के राहुल सिंह के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, उसे दिल्ली पुलिस की वर्दी पहनने का शौक था। वह वर्दी पहनकर लोगों के बीच खुद को पुलिसकर्मी बताता था। कई जगह खाना खाने के बाद पुलिस का रौब दिखाकर पैसे देने से भी बचता था। पुलिस ने उसे सेक्टर-117 नोएडा सर्विस रोड के पास से गिरफ्तार कर केस दर्ज किया है।वर्दी के साथ 7 फर्जी आईकार्ड मिले पुलिस ने आरोपी के पास से दिल्ली पुलिस के सब-इंस्पेक्टर की एक जोड़ी वर्दी, दो पुलिस बैज, चार स्टार, नेम प्लेट, लाल बेल्ट और पुलिस की टोपी बरामद की है। इसके अलावा उसके पास से दिल्ली पुलिस के 7 आईकार्ड, कैंटीन स्मार्ट कार्ड, 7 एटीएम और क्रेडिट कार्ड, दो आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मेट्रो कार्ड और आईफोन 17 प्रो भी मिला है।पुलिस अब इन दस्तावेजों के बारे में भी जानकारी जुटा रही है कि आरोपी के पास ये कैसे पहुंचे और इनका इस्तेमाल कहां-कहां किया गया। कार पर भी पुलिस के स्टीकर लगा रखे थे आरोपी के पास से आई-20 कार भी बरामद हुई है। कार का नंबर 9608 है।

# गुरसरांय में जलभराव से सड़कों पर फैला गंदा पानी

**बाजार से लेकर खेरापति मंदिर तक जलभराव**

**अमन लेखनी समाचार**



गुरसरांय (झांसी) ।कस्बे में हुई बारिश ने नगर में जल निकासी व्यवस्था की पोल खोल दी। बारिश के बाद नगर के कई प्रमुख मार्ग जलमग्न हो गए और जाम नालों का गंदा पानी सड़कों पर बहने लगा। बाजार एवं खेरापति मंदिर परिसर में भी पानी भर जाने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मातवाना, पटकाना, पायगा, गांधीनगर, बाजार, टीचर्स कॉलोनी और नई बस्ती सहित कई मोहल्लों में जलभराव की स्थिति बनी रही। कई स्थानों पर नालियों का गंदा पानी सड़कों के साथ दुकानों और घरों तक पहुंच गया। इससे संक्रामक बीमारियां फैलने की आशंका बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बरसात से पहले नालियों और नालों की नियमित सफाई नहीं कराई गई, जिसके चलते नाले कचरे से जाम हैं। बारिश होते ही पानी निकासी के बजाय सड़कों पर बहने लगता है। बजरिया क्षेत्र में भी नाली का पानी दुकानों में घुसने की समस्या सामने आई। लोगों ने बताया कि पिछले वर्ष भी दुकानों में पानी भर गया था, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया। शासन-प्रशासन द्वारा बारिश से पहले नालियों की सफाई और जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद नगर में जलभराव की स्थिति से लोगों में पालिका प्रशासन की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी है। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका से नालों की तत्काल सफाई कराने और जल निकासी की स्थायी व्यवस्था किए जाने की मांग की है।

# भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं ईद-ए-मिलाद व रक्षाबंधन, जन्माष्टमी पर्वों को लेकर प्रशासन ने की व्यापक तैयारियां



**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। आगामी ईद-ए- मिलाद (बारावफात) एवं रक्षाबंधन, जन्माष्टमी पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न धर्मों के धर्मगुरुओं, पीस कमेटी के सदस्यों, गणमान्य नागरिकों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ पर्वों की तैयारियों और आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि त्योहार हमारी साझा संस्कृति और सामाजिक एकता के प्रतीक हैं। सोनभद्र में आपसी भाईचारे एवं सौहार्द की समृद्ध परंपरा रही है और इसे बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी धर्मगुरुओं एवं गणमान्य नागरिकों से संवाद करते हुए पर्वों को परंपरागत तरीके से शांति, संयम और उल्लास के साथ मनाने तथा समाज में भाईचारे का संदेश देने की अपील की। ईद-ए-मिलाद के अवसर पर आयोजित होने वाले जुलूस एवं धार्मिक कार्यक्रमों की तैयारियों पर चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को जुलूस मार्गों की साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत एवं प्रकाश व्यवस्था, यातायात प्रबंधन सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# CEIR पोर्टल से 207 खोए मोबाइल बरामद, करीब 30 लाख रुपये कीमत के फोन मालिकों को लौटाए

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। आमजन के खोए और गुम हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए सोनभद्र पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल की गई है। पुलिस ने जुलाई 2026 से अब तक कुल 207 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बरामद मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत करीब 30 लाख रुपये बताई गई है। सभी मोबाइल फोन आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उनके वास्तविक स्वामियों को सौंप दिए गए। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक ऋषभ रूणवाल के कुशल मार्गदर्शन और पर्यवेक्षण में यह अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत सर्विलांस सेल, एसओजी टीम और जनपद के समस्त थानों की संयुक्त टीमों ने तकनीकी संसाधनों का उपयोग करते हुए खोए एवं गुम मोबाइल फोन को ट्रेस करने की कार्रवाई की पुलिस टीमों ने उएकफ पोर्टल के माध्यम से मोबाइल फोन के तकनीकी विवरण की लगातार निगरानी और विश्लेषण किया। इसके आधार पर अलग-अलग स्थानों पर सक्रिय पाए गए मोबाइल फोन को ट्रेस कर उनकी बरामदगी सुनिश्चित की गई। पुलिस की तकनीकी निगरानी और टीमों के समन्वित प्रयास के चलते बड़ी संख्या में लोगों को उनके खोए हुए मोबाइल वापस मिल सके। बरामद किए गए मोबाइल फोन को विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ऋषभ रूणवाल द्वारा मोबाइल फोन उनके स्वामियों को वितरित किए गए। लंबे समय बाद अपना मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरे पर खुशी नजर आई। मोबाइल स्वामियों ने सोनभद्र पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए पुलिस टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मोबाइल फोन की बरामदगी की यह कार्रवाई सर्विलांस सेल, एसओजी टीम तथा जनपद के विभिन्न थानों की टीमों के संयुक्त प्रयास, तकनीकी दक्षता और लगातार मॉनिटरिंग का परिणाम है। उएकफ पोर्टल के प्रभावी इस्तेमाल से खोए हुए मोबाइल फोन को ट्रेस कर उन्हें वापस उनके वास्तविक मालिकों तक पहुंचाने में मदद मिल रही है। सोनभद्र पुलिस ने आमजन से अपील की है कि मोबाइल फोन खोने या गुम होने की स्थिति में बिना देरी उएकफ पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं अथवा नजदीकी थाने में सूचना दें। समय से सूचना मिलने पर पुलिस द्वारा तकनीकी माध्यमों से मोबाइल को ट्रेस करने और बरामद करने की कार्रवाई की जा सकती है।

खास समाचार

## बारिश का कहर: भदरवारा खुर्द में तीन आवासीय मकान गिरे, महिला समेत कई लोग घायल

**एसडीएम ने किया मौका मुआयना,हर संभव मदद का दिया आश्वासन**

अमन लेखनी समाचार

गरौठा। तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत भदरवारा खुर्द में लगातार हो रही झमाझम बारिश से ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। बुधवार को बारिश के चलते तीन आवासीय मकान भरभराकर गिर गए, जिससे गृहस्थी का सामान बर्बाद हो गया। मुकेश कुशवाहा का मकान गिरने के दौरान उनकी मां और दादी मलबे में दब गईं। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को बाहर निकाला। हादसे में उन्हें गंभीर चोटें आई हैं। वहीं राज बहादुर पुत्र घासीराम और घनाराम कुशवाहा पुत्र राजाराम कुशवाहा के मकान भी बारिश के कारण ढह गए। इससे गृहस्थी का सामान नष्ट हो गया और परिवारों के सामने रहने का संकट खड़ा हो गया। घटना की सूचना पर उपजिलाधिकारी गरौठा सुनील कुमार मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने पीड़ित परिवारों को शासन से हरसंभव सहायता दिलाने का भरोसा दिया।

## मीरजापुर में गैर इरादतन हत्या के मामले में अभियुक्त गिरफ्तार, रक्तरंजित पैंट बरामद

**अमन लेखनी समाचार**

मीरजापुर। थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम बरबसपुर मिश्र लहौली में हुई मारपीट के दौरान युवक की मौत के मामले में पुलिस ने एक नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त होने से संबंधित रक्तरंजित पैंट भी बरामद की है।पुलिस के अनुसार, 25 अगस्त 2026 को रमेश चन्द्र विश्वकर्मा निवासी भरूहना ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनके पुत्र अनिल विश्वकर्मा के साथ मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। अस्पताल ले जाते समय अनिल की मृत्यु हो गई। तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली देहात में मुकदमा अपराध संख्या 413/2026, धारा 105 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई।पुलिस अधीक्षक मीरजापुर अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में तीन पुलिस टीमों का गठन किया गया। पुलिस ने सुरागरसी-पतारसी के साथ इलेक्ट्रॉनिक एवं भौतिक साक्ष्य जुटाए।मुखबिर की सूचना पर थाना कोतवाली देहात पुलिस ने घटना से संबंधित अभियुक्त आनन्द कुमार विश्वकर्मा उर्फ रामबाबू पुत्र स्व. गणेश विश्वकर्मा, निवासी बड़ा सखौरा फतहा, थाना कोतवाली शहर, मीरजापुर को गिरफ्तार कर लिया।

## बारह वफात व रक्षाबंधन को लेकर विजयपुर में पुलिस ने निकाला रूट मार्च

**अमन लेखनी समाचार**

मीरजापुर। गैपुरा बारह वफात एवं रक्षाबंधन पर्व को देखते हुए क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए विजयपुर में पुलिस ने रूट मार्च किया। नगर क्षेत्राधिकारी सीओसीटी अमित कुमार के नेतृत्व में निकाले गए रूट मार्च में विंध्याचल थाना प्रभारी अजीत सिंह, गैपुरा चौकी प्रभारी सुरेशचंद्र द्विवेदी, बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तथा एक प्लाटून पीएसी के जवान शामिल रहे।रूट मार्च बड़ी शीतला माता मंदिर तिराहा से शुरू होकर तुरकान मोहल्ला, पुरानी बाजार, छिपटी मोहल्ला, राजा फाटक, दुधिया मोहल्ला एवं नई बाजार होते हुए भारतगंज तिराहे पर समाप्त हुआ। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर स्थानीय लोगों से संवाद किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।नगर क्षेत्राधिकारी अमित कुमार ने लोगों से दोनों पर्वों को आपसी भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की।

# क्षेत्राधिकारी सदर की अध्यक्षता में एसजेपीयू एवं एएचटीयू की मासिक समीक्षा एवं समन्वय बैठक सम्पन्न

**बालकों के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम, पॉक्सो मामलों में प्रभावी कार्यवाही एवं बाल संरक्षण को लेकर बनाई गई कार्ययोजना।**

**अमन लेखनी समाचार**




सोनभद्र। पुलिस महानिदेशक, महिला सम्मान प्रकोष्ठ, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के आदेश के क्रम में तथा पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में रिजर्व पुलिस लाइन चुर्क, जनपद सोनभद्र के सभागार कक्ष में क्षेत्राधिकारी सदर सुधीर कुमार सिंह की अध्यक्षता में स्पेशल जुवेनाइल पुलिस यूनिट (रखढव) एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (अल्ळव) की मासिक समीक्षा एवं समन्वय बैठक आयोजित की गई बैठक में कानून का उल्लंघन करने वाले तथा देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों से संबंधित मामलों की समीक्षा की गई। साथ ही किशोर न्याय (खख) अधिनियम एवं पॉक्सो अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत अभियोगों में पीड़ित बच्चों को बाल कल्याण समिति (उहउ) के समक्ष समयबद्ध रूप से प्रस्तुत किए जाने तथा पॉक्सो मामलों में प्रारूप (क) एवं प्रारूप (ख) को नियमानुसार पूर्ण किए जाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान बाल श्रम, बाल विवाह एवं बाल-भिक्षावृत्ति की रोकथाम हेतु प्रत्येक सप्ताह कम से कम एक दिवस जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने, बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों एवं विवेचकों के समक्ष आने वाली समस्याओं के समाधान तथा बालकों के संरक्षण एवं सुरक्षा हेतु विभिन्न विभागों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सदस्य बाल कल्याण समिति, डिप्टी सीएमओ (चिकित्साधिकारी), चाइल्ड हेल्पलाइन यूनिट, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड, श्रम विभाग, जनपद सोनभद्र के थाना एएचटीयू, एसजेपीयू तथा समस्त थानों के बाल कल्याण पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# हाथीनाला पुलिस एवं एएनटीएफ यूनिट लखनऊ की संयुक्त कार्रवाई में 01 शातिर गांजा तस्कर गिरफ्तार

**एम्बुलेंस वाहन में छिपाकर ले जाया जा रहा कुल 81.300 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद (अनुमानित कीमत 41 लाख रुपए)**

**तस्करी में प्रयुक्त एम्बुलेंस वाहन संख्या हइ04ऋ3083 (अनुमानित कीमत 07 लाख), 01 एण्ड्रॉयड मोबाइल फोन एवं 1,100/- नगद बरामद**

**कुल अनुमानित कीमत 48 लाख रुपये।**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में ऑपरेशन शुद्धि के तहत मादक पदार्थों की तस्करी एवं अवैध कारोबार में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ऋषभ रुणवाल व अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी ओबरा प्रभात राय के निर्देशन में एएनटीएफ यूनिट लखनऊ एवं थाना हाथीनाला पुलिस की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है।दिनांक 24/25.08.2026 की रात्रि में मुखबिर की सूचना पर संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना हाथीनाला क्षेत्रान्तर्गत दुद्धी मार्ग पर चेकिंग के दौरान एक एम्बुलेंस वाहन को रोककर तलाशी ली गई। वाहन के केबिन के फर्श में एल्यूमिनियम की चादर के नीचे बनाए गए गुप्त कैबिनेट से 36 टेपशुदा बंडलों में कुल 81.300 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। मौके पर अभियुक्त की जामा तलाशी से 01 एण्ड्रॉयड मोबाइल फोन एवं 1,100/- नगद तथा गांजा तस्करी में प्रयुक्त एम्बुलेंस वाहन संख्या हइ04ऋ3083 बरामद करते हुए 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।घटना दिनांक 24.08.2026 को एएनटीएफ यूनिट लखनऊ को मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि एम्बुलेंस वाहन से अवैध गांजा की तस्करी की जा रही है। सूचना पर एएनटीएफ टीम द्वारा जनपद सोनभद्र पहुंचकर अभिसूचना संकलित की गई। इसी दौरान सूचना मिली कि उड़ीसा से एम्बुलेंस में गांजा लेकर दुद्धी मार्ग से थाना हाथीनाला क्षेत्र होते हुए सुल्तानपुर ले जाया जा रहा है। सूचना पर थाना हाथीनाला पुलिस के सहयोग से हाथीनाला तिराहे के पास चेकिंग की गई। कुछ समय बाद संदिग्ध एम्बुलेंस को रोकने पर चालक द्वारा भागने का प्रयास किया गया, जिसे पुलिस टीम ने पकड़ लिया। पकड़े गए चालक ने अपना नाम समीर सरकार पुत्र त्रिशंकु सरकार, निवासी फरक्का, मुर्शिदाबाद, पश्चिम बंगाल, उम्र करीब 35 वर्ष बताया। धारा 50 एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही हेतु क्षेत्राधिकारी ओबरा प्रभात राय की उपस्थिति में तलाशी ली गई। अभियुक्त के बताए अनुसार एम्बुलेंस के फर्श में लगी एल्यूमिनियम चादर के नीचे बनाए गए गुप्त कैबिनेट से 36 टेपशुदा बंडल बरामद हुए, जिनका वजन 81.300 किलोग्राम अवैध गांजा पाया गया।

# झंडेश्वर महादेव मंदिर में 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन संपन्न, भंडारे में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**अमन लेखनी समाचार**



बीजपुर (सोनभद्र) बीजपुर थाना क्षेत्र के मिटीहिनी (खैरी) की सुदूर सुंदर वादियों में पहाड़ की चोटी पर स्थित झंडेश्वर महादेव मंदिर अपनी अनुपम आभा और मनोरम प्राकृतिक छटा के लिए श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। मंदिर के संस्थापक खैरी निवासी मनोज कुमार वैश्य ने अपना जीवन मंदिर की सेवा और धार्मिक आयोजनों के लिए समर्पित कर दिया है।सावन माह में प्रत्येक वर्ष सावन के अंतिम सोमवार को मंदिर परिसर में 24 घंटे के अखंड हरिकीर्तन का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में इस वर्ष भी सावन के अंतिम सोमवार को अखंड हरिकीर्तन का शुभारंभ हुआ, जिसका मंगलवार को विधिवत समापन किया गया। हरिकीर्तन के समापन के उपरांत मंदिर समिति की ओर से परिसर में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।कार्यक्रम के दौरान मंगलवार दोपहर देवी जागरण का भी आयोजन किया गया। जागरण में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक देवी भजनों की प्रस्तुति देकर पूरे मंदिर परिसर को भक्तिमय बना दिया। भजनों पर श्रद्धालु देर तक झूमते रहे और जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा।धार्मिक आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही।

# एंथे 2026 लॉन्च, छात्रों को प्रतिभा पहचानने और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में मिलेगा नया मंच

**अमन लेखनी समाचार**

कुरुक्षेत्र। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को अपनी शैक्षणिक क्षमता, मजबूतियों और सुधार की जरूरत वाले क्षेत्रों को समझने का अवसर देने के उद्देश्य से आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्जाम (एंथे) 2026 लॉन्च किया है। मंगलवार को आकाश इंस्टीच्यूट की कुरूक्षेत्र ब्रांच में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सीनियर असिस्टेंट डायरेक्टर शेखर शुक्ला ने बताया कि पिछले 16 वर्षों में एंथे में 1 करोड़ से अधिक छात्रों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। इसे देश की सबसे लंबे समय से आयोजित होने वाली टैलेंट पहचान एवं छात्र मूल्यांकन परीक्षाओं में शामिल किया जाता है। प्रेस वार्ता में उनके साथ ब्रांच हैड मोहित कामरा,एकेडमिक हैड संजीव चानना और असिस्टेंट ब्रांच हैड आशीष कलसिया शामिल रहे। एंथे को केवल अंक या स्कॉलरशिप निर्धारित करने वाली परीक्षा के बजाय एक वैज्ञानिक एवं व्यापक डायग्नोस्टिक असेसमेंट के रूप में तैयार किया गया है। परीक्षा के प्रत्येक प्रश्न को विद्यार्थियों की कॉन्सेप्ट समझ और विभिन्न क्षमताओं के आकलन के उद्देश्य से तैयार किया जाता है। इसके माध्यम से विषयगत ज्ञान के साथ विद्यार्थियों की एप्टीट्यूड, एनालिटिकल एबिलिटी और परीक्षा संबंधी व्यवहार को समझने का प्रयास किया जाता है। एंथे 2026 के तहत विद्यार्थियों को उनके प्रदर्शन के आधार पर 100 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा शीर्ष प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के लिए कुल 2.5 करोड़ रुपये के कैश प्राइज भी रखे गए हैं।एईएसएल के एमडी एवं सीईओ चंद्र शेखर गरिसा रेड्डी ने कहा कि एंथे का उद्देश्य केवल छात्र की स्कॉलरशिप तय करना नहीं, बल्कि उसे अपनी अकादमिक क्षमता और तैयारी की वास्तविक स्थिति समझने में मदद करना है। उन्होंने कहा कि पिछले 16 वर्षों में एक करोड़ से अधिक छात्रों का एंथे से जुड़ना इस बात को दर्शाता है कि विद्यार्थी इसे अपनी तैयारी को बेंचमार्क करने के महत्वपूर्ण अवसर के रूप में देखते हैं। उन्होंने कहा कि एंथे के माध्यम से छात्रों को यह समझने में मदद मिलती है कि वे वर्तमान में कहां खड़े हैं, उनकी मजबूतियां क्या हैं और किन क्षेत्रों में उन्हें और मेहनत करने की जरूरत है।

### कक्षा 6 से 12वीं तक के विद्यार्थी ले सकेंगे हिस्सा

एंथे 2026 में कक्षा 6 से 12वीं तक के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। परीक्षा ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आयोजित की जाएगी। ऑनलाइन परीक्षा 27 अक्टूबर से 1 नवंबर 2026 तक होगी, जबकि ऑफलाइन परीक्षा 11 अक्टूबर, 25 अक्टूबर और 1 नवंबर 2026 को आयोजित की जाएगी। एंथे 2026 के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुके हैं। विद्यार्थी एंथे के आधिकारिक पोर्टल अथवा देशभर में स्थित आकाश सेंटरों के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। एंथे के माध्यम से योग्य विद्यार्थियों को आकाश के क्लासरूम, हाइब्रिड और डिजिटल प्रोग्राम्स में 100 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल परिणाम उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि परिणामों के आधार पर उन्हें अपनी आगे की शैक्षणिक तैयारी के लिए स्पष्ट दिशा प्रदान करना है।

# गरौठा में धूमधाम से निकला जुलूस-ए-मोहम्मदी, दिखी हिंदू-मुस्लिम एकता

**अमन लेखनी समाचार**



गरौठा । कस्बे में बुधवार को पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिन (ईद मिलादुन्नबी) धूमधाम और अकीदत के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जामा मस्जिद से जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। यह जुलूस रामनगर मोहल्ले से होते हुए मुख्य बाजार, तहसील वाले सैयद बली बाबा, छोटे गरौठा और मऊरानीपुर बस स्टैंड से गुजरा। इसका समापन बाजार स्थित मजार पर हुआ। जुलूस में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हुए। इस दौरान हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल भी देखने को मिली। मुस्लिम समुदाय के लोगों के साथ हिंदू समुदाय के लोगों ने भी जुलूस में सहभागिता की और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रावेंद्र मिश्रा पुलिस टीम के साथ जुलूस के दौरान मौजूद रहे। जुलूस के दौरान हाफिज शफी ने बताया कि मोहम्मद साहब का पैगाम अमन, चैन और शांति का था, उन्होंने एक-दूसरे से मोहब्बत करने का संदेश दिया है। इस मौके पर हाजी सुलेमान साहब, हाजी शकूर खान, हाजी कासिम मंसूरी, हाजी रमजानी ठेकेदार, समाजसेवी सोनू विश्वकर्मा, अय्यूब सिद्दीकी, हकीम पठान, इमामी मास्टर, शकूर कंडक्टर, मेहराब खान, अब्दुल खान सर जी, आबिद खान टेलर, सलीम मंसूरी, मास्टर शरीफ खान, फिरोज खान सहित सैकड़ों मुस्लिम समुदाय के लोग उपस्थित रहे।

# डॉ. वी.के. वर्मा बने बस्ती सिविल डिफेंस के डिप्टी चीफ वार्डेन

**अमन लेखनी समाचार**



बस्ती। जनपद में नागरिक सुरक्षा कोर (सिविल डिफेंस) के ढांचे को और मजबूत करने के उद्देश्य से प्रशासनिक स्तर पर एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिलाधिकारी एवं नियंत्रक सिविल डिफेंस, कृतिका ज्योत्स्ना के निदेर्शानुसार डॉ. वी.के. वर्मा को बस्ती नागरिक सुरक्षा कोर का नया डिप्टी चीफ वार्डेन नियुक्त किया गया है।उप जिला मजिस्ट्रेट व प्रभारी अधिकारी सिविल डिफेंस, राजेश कुमार यादव ने इस नियुक्ति की पुष्टि करते हुए बताया कि डॉ. वी.के. वर्मा विगत कई वर्षों से नागरिक सुरक्षा संगठन से जुड़कर लगातार सराहनीय व निस्वार्थ सेवा कार्य कर रहे हैं। समाजहित और आपदा प्रबंधन के प्रति उनकी निष्ठा और उत्कृष्ट योगदान को देखते हुए ही उन्हें इस नए पद का दायित्व सौंपा गया है।डॉ. वर्मा के डिप्टी चीफ वार्डेन बनने पर संगठन के पदाधिकारियों और स्वयंसेवकों में खुशी की लहर है। मथुरा के उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा नीरज श्रीवास्तव, बस्ती के चीफ वार्डेन डॉ. कुलदीप सिंह और सेक्टर वार्डन अनूप सिंह ने उन्हें बधाई दी।इसके साथ ही डॉ. डी.के. गुप्ता, प्रमोद श्रीवास्तव, काजी फरजान, दीपक प्रजापति, रोहित लाल यादव, पूजा पाण्डेय, जम्बोत्री चौधरी, प्रताप शंकर पाण्डेय, राजीव शरण, आदर्श मिश्रा, उमेश कुमार, देवनारायण पाठक, मंगल प्रसाद दूबे, आशीष श्रीवास्तव, के.के. प्रजापति, प्रमोद कुमार और विकास तुली सहित अन्य कार्यकताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह
समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह
समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।
मो. - 9838159555, 9935457982
E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# हैवान के ट्रेलर में अक्षय ने डराया, संघर्ष करते दिखे सैफ

**मुंबई।** अक्षय कुमार और सैफ अली खान की अपकमिंग फिल्म 'हैवान' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। प्रियदर्शन के निर्देशन में बनी इस फिल्म में अक्षय कुमार खलनायक के किरदार में नजर आए हैं। अक्षय कुमार और सैफ अली खान 18 वर्षों के बाद एक-साथ अपकमिंग फिल्म 'हैवान' में नजर आने वाले हैं। दो मिनट 34 सेकंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि शहर में एक अजीब तरह का खौफ है। कोई शख्स है जो लोगों का कत्ल कर रहा है। ट्रेलर में सैफ अली खान काफी हैरान और परेशान नजर आते हैं। इसके बाद पुलिस दिव्यांग बने सैफ अली खान को गिरफ्तार कर लेती है।

## लाइफ Style

# कृति

## कल्चर दिल में है, नेकलाइन में नहीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कृति सेनन अपने रक्षाबंधन ऐड के लिए सोशल मीडिया पर ट्रोल हो रही थीं। कुछ यूजर्स के साथ एक्ट्रेस कंगना रनौत ने भी उनके आउटफिट को लेकर टिप्पणी की थी। अब एक्ट्रेस ने इस ट्रोलिंग पर अपना जवाब दिया है।

एक्ट्रेस ने एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा कि कल्चर उनके दिल में है, नेकलाइन में नहीं। इसके अलावा कृति ने भी कहा है कि दूसरे लोगों को ये बोलना बंद कर देना चाहिए कि एक औरत को क्या पहनना चाहिए और क्या नहीं। कृति सेनन ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर करते हुए लिखा, 'त्योहारों का असली मजा आपके पहने हुए कपड़ों में नहीं, बल्कि ट्रेडिशन के लिए आपकी भावनाओं और उनके महत्व में होती है। रक्षाबंधन रक्षा का एक बंधन है। मैं और मेरी बहन एक-दूसरे को राखी बांधते आए हैं। हम जानते हैं कि हम एक-दूसरे की रक्षा ठीक वैसे ही कर सकते हैं जैसे कोई भाई करता। हम एक-दूसरे की हेल्थ, खुशी और लंबी उम्र के लिए प्रार्थना करते हैं। और हमारे लिए, यह प्रार्थना और वादा हमारे कुत्तों के लिए भी है! आखिर, वो भी तो परिवार का हिस्सा हैं। कृति ने आगे लिखा, 'हम कब महिलाओं को ये बताना बंद करेंगे कि उन्हें क्या पहनना चाहिए? एथनिक फैशन में समय के साथ बदलाव आया है,लेकिन आज भी किसी महिला के अपने कल्चर के प्रति सम्मान को उनके कपड़ों से आंका जाता है। कल्चर और ट्रेडिशन उनके दिल में है, कपड़ों के गले के डिज़ाइन में नहीं।'



## हॉलीवुड मसाला



# मीडो के लिए जान भी दे सकता हूं

लॉस एंजिल्स। अभिनेता विन डीजल हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान भावुक हो गए। वो यहां अपने को-एक्टर और भाई जैसे दोस्त रहे दिवंगत अभिनेता पॉल वॉकर की बात कर रहे थे। विन ने यहां पॉल की बेटी मीडो वॉकर के साथ अपने खास रिश्ते पर भी चर्चा की। उन्होंने मीडो वॉकर को ईश्वर का आशीर्वाद बताया। इसके साथ ही विन डीजल ने कहा कि वह मीडो के लिए अपनी जान भी दे सकते हैं। मीडो आज भी उनके परिवार से काफी जुड़ी हुई हैं।



# एडी किंग जूनियर का निभाया था किरदार

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड फिल्म 'द फाइव हार्टबीट्स' फेम अभिनेता माइकल राइट का 70 सल की उम्र में निधन हो गया। इस फिल्म में उन्होंने एडी किंग जूनियर का किरदार निभाया था। उनके निधन की खबर की पुष्टि उनकी पत्नी सुजैन राइट ने की। उन्होंने एक्टर के बारे में एक भावुक बयान जारी किया और लोगों से इस मुश्किल समय में परिवार की प्राइवेसी का सम्मान करने की अपील की। माइकल राइट के निधन की खबर शेयर करते हुए उनकी पत्नी सुजैन राइट ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'बहुत दुख और दिल में भारीपन के साथ मैं अपने प्यारे पति माइकल राइट के निधन की खबर शेयर कर रही हूं।' उन्होंने आगे लिखा, 'माइकल एक पति, पिता, दादा, प्रियजन, दोस्त और एक असाधारण कलाकार थे, जिनके काम ने कई पीढ़ियों को प्रभावित किया।



# गुमशुदा बच्ची को खोजने निकलीं तापसी

**मुंबई।** तापसी पन्नू अपनी फिल्म 'गांधारी' को लेकर सुर्खियों में हैं, जो अगले महीने रिलीज को तैयार है। मंगलवार को फिल्म का ट्रेलर जारी हुआ है, जो काफी इमोशनल कर देने वाला है। 3 सितंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। तापसी पन्नू एक मां की भूमिका में हैं, जो अपनी गुमशुदा बच्ची को खोजने निकली हैं। मगर, यह काम वे आंखों पर पट्टी बांधकर करती हैं। ट्रेलर की शुरुआत तापसी और एक बच्ची के साथ होती है। तापसी आंखों पर पट्टी बांधे छुपन-छिपाई खेल रही हैं। बैकग्राउंड में एक बेहद प्यारी इमोशनल कविता सुनाई देती है। अगले दृश्य में बिटिया मिष्टी के साथ तापसी ट्रेन से यात्रा करती हैं और इसी दौरान उनकी बच्ची का अपहरण हो जाता है। काफी तलाश के बाद भी बच्ची का पता नहीं चलता। मगर, मां का दिल हार नहीं मानता।



# गनमास्टर जी-9: एक्शन अवतार में लौटे...

**मुंबई।** इमरान हाशमी की अगली फिल्म 'गनमास्टर जी 9' का टीजर मेकर्स ने मंगलवार को रिलीज कर दिया। फिल्म के टीजर से इमरान ने एक बार फिर अपने फैंस को चौंकाया है। 1 मिनट 22 सेकंड के इस टीजर में एक्टर इस बार रोमांटिक और एक्शन दोनों ही अंदाज में नजर आए हैं। टीजर में इमरान एक बार फिर धमाकेदार एक्शन करते नजर आए हैं। फिल्म में उनके साथ पहली बार जेनेलिया देशमुख अभिनय करती दिखेंगी। इमरान एक बार अपने इश्क के लिए दुनिया से लड़ते नजर आएंगे। टीजर में इमरान एक बार फिर हिमेश के म्यूजिक पर रोमांस करते दिख रहे हैं। टीजर में एक जगह हिमेश और इमरान के हिट गाने 'अफसाना बना के भूल ना जाना..' का रीक्रिएट वर्जन भी सुनाई देता है। यह गाना 2006 में रिलीज हुई इमरान की फिल्म 'दिल दिया है' का है।

## टीवी मसाला



# अमिताभ को सेट पर सुननी पड़ी थी फटकार- तुम्हें कुछ नहीं आता

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन इन दिनों शो कौन बनेगा करोड़पति में नजर आ रहे हैं। शो का 18वां सीजन चल रहा है और हाल ही के एपिसोड में कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के गोल्ड मेडलिस्ट लवलीना बोर्गोहैन, इंडू कुमार, शर्मिला धंकर और अस्मिता डे शो में आए। इस दौरान इनसे बात करते हुए बिग बी ने बताया कि कैसे उन्हें फिल्मों के सेट पर डांट पड़ती थी। दरअसल, केबीसी 18 के स्पेशल एपिसोड में बिग बी, इंडू, लवलीना, शर्मिला और अस्मिता से बात करते हैं और इस दौरान अस्मिता ने बिग बी से पूछा कि क्या आपको कभी सेट पर डांट पड़ी है तो बिग बी बोले, 'हमको बड़ी डांट पड़ती थीं। शुरू में तो बहुत पड़ी थी कि तुमको कुछ आता नहीं है, तुम बहुत लंबे हो, घर जाओ।'बता दें कि वहीं दूसरे एपिसोड में एक कंटेस्टेंट ने बिग बी से पूछा था कि जब वह घर देर से जाते हैं तो क्या उन्हें पत्नी जया बच्चन की डांट सुनने को मिलती है तो इस पर बिग बी बोले, देखिए, हमें पता होता है कि क्या होने वाला है तो हम क्या करते हैं कि हम सुबह उठते ही सबसे पहले जो हमारे परिवार वाले हैं उनके साथ फैमिली ग्रुप में एक मैसेज डाल देते हैं कि नमस्कार, हाथ जोड़कर फिर लिखते हैं कि आज हमारी शूटिंग है इधर-उधर तो आज देर से आऊंगा तो खाने पर मेरा इंतजार ना करें। बस इस वजह से हम बच जाते हैं, लेकिन मान लीजिए कि आपने नहीं बताया तो तब पड़ेगी। बिग बी की फिल्मों की बात करें तो वह लास्ट फिल्म वेट्टैयन में नजर आए थे। इस फिल्म में उनके साथ रजनीकांत लीड रोल में थे। काफी साल बाद दोनों ने साथ में काम किया था। यह तेलुगु फिल्म थी।

## रिया या लव, बिग बॉस 20 में किसकी होगी एंट्री?

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'बिग बॉस' एक बार फिर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार है। इसके साथ ही जल्द शो के प्रतियोगियों के नाम भी



समने आएंगे। इससे पहले शो के होस्ट सलमान खान ने दर्शकों के समने रिया अहीर और लव गिल में से किसी को प्रतिभागी के रूप में चुनने का प्रस्ताव रखा है। रिया अहीर एक मुंबई बेस्ड मॉडल हैं। वह मुंबई विश्वविद्यालय से अंग्रेजी साहित्य में डिग्री हासिल कर रही हैं। बीते दिनों सीजेपी के मुंबई प्रोटेस्ट के दौरान पुलिस वैन रोकने के बाद वह चर्चा में आई थीं। इसके अलावा वह एक अपना एक निजी हैंडलूम कपड़ों का 'रियासत' नाम का ब्रांड चलाती हैं। लव गिल का असली नाम लवप्रीत कौर है। वह पंजाब की पॉपुलर सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हैं। इसके साथ वह मॉडलिंग भी करती हैं। लव कई संगीत वीडियो में भी नजर आ चुकी हैं। लव ने अपने करियर की शुरुआत करण औजला के साथ एक वीडियो से की थी।



# 'दायरा' में सस्पेंस का खेल, आमने सामने दिखेंगे **करीना-पृथ्वीराज**

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की प्रमुख अभिनेत्री करीना कपूर खान और लोकप्रिय अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन की आगामी क्राइम थ्रिलर फिल्म 'दायरा' का नया पोस्टर सामने आया है। इस नए विजुअल ने फिल्म की सस्पेंस से भरी दुनिया की एक गहरी झलक पेश की है। निर्देशक मेघना गुलजार के निर्देशन में बनी यह फिल्म अपनी मुख्य कहानी के रहस्य को छिपाकर रखते हुए दोनों मुख्य अभिनेताओं के बीच के पेचीदा संबंधों की ओर इशारा करती है। जारी किए गए पोस्टर में करीना कपूर खान और पृथ्वीराज सुकुमारन एक-दूसरे से विपरीत दिशा में पीठ सटाकर खड़े दिखाई दे रहे हैं। दोनों के बीच पुलिस की येलो इन्वेस्टिगेशन टेप की परतें लगी हुई हैं, जो किसी अपराध की ओर सीधा इशारा करती हैं। इसके अलावा पृष्ठभूमि में एक अज्ञात और धुंधला चेहरा भी नजर आ रहा है, जो पोस्टर के सस्पेंस को और गहरा बनाता है। दोनों अभिनेताओं का यह रुख दिखाता है कि उनके किरदार शायद किसी एक ही आपराधिक घटना को अपने-अपने अलग नजरिए से देख रहे हैं। यह पोस्टर कहानी का खुलासा किए बिना ही दर्शकों के मन में कई सवाल छोड़ जाता है। पुलिस टेप, ओझल चेहरा और मुख्य पात्रों के बीच की दूरी यह सोचने पर मजबूर करती है कि इन दोनों की जिंदगियां किस तरह एक-दूसरे से जुड़ी हुई हैं और कैसे यह जांच आगे बढ़ेगी। फिल्म 'दायरा' के माध्यम से करीना कपूर खान और पृथ्वीराज सुकुमारन की जोड़ी पहली बार बड़े पर्दे पर एक साथ दिखाई देने वाली है।

### वास्तविक घटनाओं पर आधारित कहानी और रिलीज प्लान

यह क्राइम थ्रिलर सच्ची घटनाओं से प्रेरित होकर लिखी गई है, जिसकी पटकथा लेखन में मेघना गुलजार के साथ अन्य अनुभवी सह-लेखकों का योगदान रहा है। 'दायरा' 18 सितंबर 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज के लिए निर्धारित है। जल्द ही पेश किए जाने वाले आधिकारिक ट्रेलर से दर्शकों को इस उलझी हुई क्राइम स्टोरी की परतें समझने का मौका मिलेगा।

# जीवन भीमा योजना का पोस्टर रिलीज अरशद अनोखे अंदाज में आएंगे नजर



नई दिल्ली। फिल्म जीवन भीमा योजना का पोस्टर मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। फिल्म में अरशद वारसी एक अनोखे किरदार में नजर आने वाले हैं। यह फिल्म जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में अरशद डबल रोल में नजर आएंगे। यह एक डार्क कॉमेडी फिल्म होगी जिसका पोस्टर जारी कर दिया गया है। फिल्म 'जीवन भीमा योजना' अरशद वारसी की अन्य कॉमेडी फिल्मों से कुछ अलग होगी। फिल्म की कहानी दो पुरुषों के जीवन पर आधारित होगी। फिल्म 'जीवन भीमा योजना' के बारे में निर्देशक अभिषेक डोगरा ने कहा, 'जीवन भीमा योजना उन आम लोगों की कहानी है, जो एक असाधारण फैसला लेते हैं और फिर पूरी फिल्म उस एक फैसले की कीमत चुकाते हुए नजर आते हैं। फिल्म का जॉनर डार्क कॉमेडी है, लेकिन इसकी भावनात्मक जड़ें बेहद मानवीय हैं। अरशद ने दोनों किरदारों को जिस सटीकता के साथ जीवंत किया, उसने सेट पर हमें भी लगातार हैरान किया।' इस फिल्म का निर्देशन अभिषेक डोगरा ने किया है। वहीं फिल्म का निर्माण स्टारबीम वेंचर्स लिमिटेड के बैनर तले हुआ है। यह फिल्म डार्क कॉमेडी, क्राइम और सस्पेंस को एक अनोखी गलत पहचान की कहानी के इर्द-गिर्द पेश करती है। अभिनेता अरशद वारसी हाल ही में 'धमाल 4' में नजर आए थे। अरशद इसके अलावा 'वेलकम टू द जंगल', 'प्रीतम पेड्रो' और 'धमाल 4' जैसी दिलचस्प फिल्मों में नजर आ चुके हैं। इसके साथ ही भविष्य में वह 'गोलमाल 5' में भी नजर आएंगे।

## 61 साल पुराना बिछुआ वाला गाना आज भी है यादगार

# तनुजा के क्लासिकल डांस और लता की आवाज ने बनाया गाने को सदाबहार

*नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा के पुराने गानों की बात ही कुछ अलग होती है। उस दौर पर बनने वाले गानों में एक कहानी होती थी, उस दौर के गाने के संगीत और उनका अंदाज ऐसा था जो सालों बाद भी लोगों को अपना दीवाना बना लेता है। आज हम आपको एक ऐसे ही गाने के बारे मे बताएंगे जो सालों बाद भी लोगों को याद है। हम जिस गाने की बात कर रहे हैं वो है साल 1965 मे आई फिल्म का था। इस गाने को रिलीज हुए 61 साल हो गए हैं, लेकिन आज भी इस गाने की मिठास कम नहीं हो पाई है।*



### झनन झनन बाजे ...

हम बात कर रहे हैं साल 1965 में आई फिल्म 'चांद और सूरज' की. जिसका निर्देशन दुलाल गुहा ने किया था। इस फिल्म में धर्मेंद्र, अशोक कुमार, तनुजा और निरूपा रॉय ने अभिनय किया था। इस फिल्म का गाना 'झनन झनन बाजे बिछुआ' है जो अपनी सादगी के लिए जाना जाता है। इस गाने में पांव में पहने जाने वाले बिछुए की आवाज को आधार बनाकर प्यार की कहानी को बेहद खूबसूरती से पेश करता है। गाने में बिछुए की छनक सिर्फ एक आवाज नहीं लगती, बल्कि पूरे माहौल का हिस्सा बन जाती है।

### तनुजा के डांस ने बढ़ाई गाने की खूबसूरती

'झनन झनन बाजे बिछुआ' गाने में तुनजा का डांस इस गाने को और खास बना देता है। उनके क्लासिकल डांस और एक्सप्रेश गाने के बोल के साथ बिल्कुल परफेक्ट बैठते हैं। यही वजह है कि इसे गाने को सुनने के साथ ही इसको देखने का भी अपना ही एक अलग मजा है। इस गाने में तनुजा के साथ धर्मेंद्र, अशोक कुमार और निरूपा रॉय भी नजर आई हैं।

### लता की आवाज ने दिया अलग रंग

इस गाने को लता मंगेशकर ने अपनी सुरीला आवाज से सजा दिया था। उनकी आवाज की मिठास ने गाने के भावों और बालों को और गहरा बना दिया। इस गाने के बोल मशहूर गीतकार शैलेन्द्र ने लिखे और संगीत सलील चौधरी ने दिया था। शैलेन्द्र के शब्द और सलील चौधरी की धुन का मेल इस गाने में साफ सुनाई देता है। 'झनन झनन बाजे बिछुआ' गाने में प्यार, झिझक और मिलने की चाह को बहुत ही खूबसबरती से दिखाया गया है।




### चांद और सूरज

1965 में आई फिल्म 'चांद और सूरज' का ये उस समय की संगीत की खूबसूरती को बेहतर बनाता है। इस गाने में न तो बहुत शोर है साथ ही शब्दों को भी बेहद सरल रखा गया है। बिछुए की छनक, लता मंगेशकर की आवाज और तनुजा का डांस मिलकर ऐसा माहौल बनाते हैं, जिसे आज भी पुराने हिंदी गानों के चाहने वाले पसंद करते हैं।